Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 316 | बुधवार, 19 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## गुवाहटी में बोले संघ प्रमुख मोहन भागवत

# 'जो कोई भारत पर गर्व करता है वह हिंदू है'



**गुवाहाटी।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि जो कोई भी भारत पर गर्व करता है वह हिंदू है। गुवाहाटी में मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान ये बात कही। उन्होंनें कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्राथमिकता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दावा किया कि हिंदू केवल एक धार्मिक शब्द नहीं बल्कि यह हजारों वर्षों की सांस्कृतिक निरंतरता में निहित एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने कहा कि भारत और हिंदू पर्यायवाची हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र होने के लिए किसी आधिकारिक घोषणा की आवश्यकता नहीं है। इसकी सभ्यतागत भावना पहले से ही इसे दर्शाती है। उन्होंने ये भी कहा कि आरएसएस की स्थापना किसी का विरोध करने या किसी को नुकसान पहुंचाने के लिए नहीं की गई थी, बल्कि इसका ध्यान चरित्र निर्माण और भारत को विश्व गुरु बनाने में योगदान देने पर है। उन्होंने कहा विविधता के बीच भारत को एकजुट करने की पद्धति को ही आरएसएस कहा जाता है। जनसंख्या नीति पर जोर असम में जनसांख्यिकीय बदलावों पर उन्होंने आत्मविश्वास, सतर्कता, अपनी जमीन और पहचान के साथ मजबूत जुड़ाव की अपील की। उन्होंने अवैध घुसपैठ, हिंदुओं के लिए तीन बच्चों के मानदंड सहित संतुलित जनसंख्या नीति की आवश्यकता और विभाजनकारी धार्मिक धर्मांतरण का विरोध करने के महत्व जैसे मुद्दों पर बात की। युवाओं के बीच इंटरनेट मीडिया के जिम्मेदार उपयोग की भी वकालत की। पूर्वोत्तर को भारत की विविधता में एकता का एक चमकता उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि लचित बोरफुकन और श्रीमंत शंकरदेव जैसी शख्सियतें केवल क्षेत्रीय महत्व नहीं रखती हैं, बल्कि राष्ट्रीय प्रासंगिकता रखती हैं और सभी भारतीयों को प्रेरित करती हैं। भागवत ने समाज के सभी वर्गों से राष्ट्र निर्माण के लिए सामूहिक और निस्वार्थ रूप से काम करने का आग्रह किया। मोहन भागवत सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर गुवाहाटी पहुंचे हैं। बुधवार को एक युवा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। वह 20 नवंबर को मणिपुर के लिए रवाना होंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने 16 राज्य बार काउंसिलों में चुनाव निगरानी के लिए बनाया पैनल



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 16 राज्य बार काउंसिलों में चुनावों की निगरानी के लिए एक उच्च-स्तरीय सुपरवाइजरी कमेटी का गठन किया, जिसका नेतृत्व एक सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश करेंगे।

कोर्ट ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया "निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायपूर्ण" होनी चाहिए। जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन.कोटिस्वर सिंह की पीठ ने राज्य बार काउंसिलों में कई चरणों में चुनाव कराने का निर्देश दिया और कहा कि प्रत्येक बार निकाय के पास 31 मार्च, 2026 तक एक नई निर्वाचित समिति होनी चाहिए। उच्च-स्तरीय पैनल का नेतृत्व एक सेवानिवृत्त सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश करेंगे और इसमें एक सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और एक प्रमुख वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल होंगे, जो बार निकाय चुनावों में भाग लेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने खुले न्यायालय में आदेश में पैनल के तीन सदस्यों के नाम नहीं बताए।

## आज अमेरिका से भारत लाया जा रहा है लॉरेंस बिश्नोई का छोटा भाई अनमोल



**नई दिल्ली।**

पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के कथित मास्टरमाइंड गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई को भारत प्रत्यर्पित कर दिया गया है, वरिष्ठ अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा उसकी प्रत्यर्पण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, उसके आज (बुधवार) सुबह लगभग 10 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने की उम्मीद है।

अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की कई टीमों को सुरक्षा प्रदान करने और कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के लिए हवाई अड्डे पर तैनात रहने का निर्देश दिया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली पुलिस मुख्यालय में इस बात पर चर्चा चल रही है कि कौन सी एजेंसी उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार करेगी और दिल्ली की एक अदालत में पेश करने के बाद उसे हिरासत में लेगी। जांचकर्ताओं ने कहा कि अनमोल पर देश भर में 32 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं - जिनमें राजस्थान में 20 मामले शामिल हैं - जिनमें जबरन वसूली, अपहरण, हत्या के प्रयास और लक्षित हत्याएं शामिल हैं।

- अधिकारी ने आगे कहा कि केंद्र तय करेगा कि किस एजेंसी को पहले हिरासत में लिया जाएगा।
- जांचकताओं ने कहा कि अनमोल पर देश भर में 32 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं

## पीएम मोदी साईं बाबा के शताब्दी समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को आंध्र प्रदेश के पुट्टपर्थी में दिवंगत आध्यात्मिक गुरु सत्य साईं बाबा के शताब्दी समारोह में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक वह पुट्टपर्थी में सत्य साईं बाबा के आश्रम और महासमाधि स्थल का दौरा भी करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सत्य साईं बाबा के जीवन, शिक्षाओं और स्थायी विरासत को सम्मान देते हुए एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी करेंगे। साथ ही कार्यक्रम के दौरान जनसमूह को संबोधित करेंगे। आंध्र प्रदेश के बाद प्रधानमंत्री तमिलनाडु के कोयम्बटूर जाएंगे। वहां पर दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। तमिलनाडु में कार्यक्रम के दौरान, वह देश भर के नौ करोड़ किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि के पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। तमिलनाडु प्राकृतिक कृषि हितधारक मंच द्वारा 19-21 नवंबर तक दक्षिण भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य टिकाऊ, पर्यावरण-अनुकूल और रसायन-मुक्त कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और भारत के कृषि भविष्य के लिए एक व्यवहार्य, जलवायु-अनुकूल और आर्थिक रूप से टिकाऊ माडल के रूप में प्राकृतिक और पुनयोर्जी कृषि की ओर बदलाव को गति प्रदान करना है।

**जनसमूह को करेंगे संबोधित**



## केंद्र ने मीडिया को आतंकी नैरेटिव बढ़ाने से किया सावधान

**नई दिल्ली।**




केंद्रीय सरकार ने मंगलवार को सभी निजी उपग्रह टेलीविजन चैनलों को दिल्ली के लाल किले पर हुए हमले से संबंधित समाचार प्रसारित करते समय संयम बरतने की सलाह दी है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने अपनी सलाह में कहा है कि उसे यह जानकारी मिली है कि कुछ समाचार चैनल लाल किले के विस्फोट में कथित रूप से शामिल व्यक्तियों के बारे में ऐसे सामग्री का प्रसारण कर रहे हैं जो उनके हिंसक कृत्यों को बढ़ावा देते हैं। साथ ही विस्फोटक सामग्री बनाने के तरीकों की जानकारी देने वाले वीडियो भी प्रसारित कर रहे हैं। केंद्र सरकार की सलाह में यह भी उल्लेख किया गया कि ऐसे प्रसारण अनजाने में च्हसा को प्रोत्साहित या भड़काने, सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। सभी टेलीविजन चैनलों को इस प्रकार के मामलों की रिपोर्टिंग करते समय उच्चतम स्तर की विवेकशीलता और संवेदनशीलता बरतने की सलाह दी गई है। इसमें उल्लेख किया गया है, "प्रसारकों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (नियमन) अधिनियम, 1995 के तहत कार्यक्रम और विज्ञापन संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए।

## 'गड़बड़ी वाली फार्मा कंपनियों के खिलाफ बने आसान शिकायती तंत्र'



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि फार्मा कंपनियों के अनैतिक कार्यों की वजह से ठगा महसूस करनेवाले आम नागरिक के पास यूनिफार्म कोड के तहत शिकायत दर्ज कराने और उचित कार्रवाई के लिए मजबूत सिस्टम होना चाहिए। फार्मा कंपनियों के कथित अनैतिक कार्यों पर कार्रवाई को भी यूनिफार्म कोड में शामिल करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि ये सुनिश्चित होना चाहिए कि गड़बड़ी करनेवाली कंपनियां कार्रवाई के दायरे में लाई जाएंगी। केंद्र की तरफ से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि चाहे दवाओं की मूल्यवृद्धि का मामला हो या ऐसी गतिविधियों को नियंत्रित करना हो।

### खुफिया एजेंसियों ने जम्मू- कश्मीर सरकार को भेजा अलर्ट

## पुलवामा कांड को दोहराने का षड्यंत्र रच रहा जैश-ए-मोहम्मद



**श्रीनगर।**

ऑपरेशन सिंदूर में अपने नेटवर्क के तबाह होने और परिवार के विभिन्न सदस्यों की मौत से हताश आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का जम्मू-कश्मीर में पुलवामा कांड को दोहराने का षडयंत्र रच रहा है। वह वाहन बम के साथ आत्मघाती आतंकी या फिर आत्मघाती आतंकी दस्ते के जरिए किसी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान या भीड़ वाले स्थान पर हमला कर सकता है। खुफिया एजेंसियों ने जैश ए मोहम्मद के इस नए षड्यंत्र का एक अलर्ट जम्मू- कश्मीर सरकार को भेजा है। अलर्ट का संज्ञान लेते हुए प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और सभी संदिग्ध तत्वों की निगरानी की जा रही है। संबंधित सूत्रों ने बताया कि खुफिया एजेंसियों के अनुसार जैश ए मोहम्मद घाटी में विशेषकर दक्षिण कश्मीर में ठीक उसी तरह से किसी वाहन बम के साथ आत्मघाती आतंकी का इस्तेमाल कर सकता है, जैसा उसने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेथपोरा में सीआरपीएफ के काफिले को निशाना बनाने के लिए किया था। खुफिया सूत्रों के मुताबिक, जैश ए मोहम्मद सिर्फ जम्मू-कश्मीर में ही नहीं दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और गुजरात में हमला करने की फिराक मे हैं।

### जयशंकर ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ व्यापक बातचीत की

## भारत-रूस शिखर सम्मेलन से पहले रूस में एस जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को क्रेमलिन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और उन्हें आगामी वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन की तैयारियों से अवगत कराया। सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस के अनुसार, पुतिन ने क्रेमलिन स्थित सीनेट पैलेस के प्रतिनिधि कार्यालय में जयशंकर से हाथ मिलाया और उनका स्वागत किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि आज मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं पहुंचाईं। मंत्री ने आगे कहा कि उन्हें आगामी वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन की तैयारियों से अवगत कराया। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी चर्चा की। हमारे संबंधों को और आगे बढ़ाने के लिए उनके दृष्टिकोण और मार्गदर्शन को मैं बहुत महत्व देता हूं। क्रेमलिन द्वारा जारी किए गए फोटो में पुतिन को जयशंकर का स्वागत करते हुए दिखाया गया है, जिनके साथ भारतीय राजदूत विनय कुमार और संयुक्त सचिव मयंक सिंह भी थे। बैठक में राष्ट्रपति प्रशासन के उप प्रमुख मैक्सिम ओरेश्किन, राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव, आर्थिक विकास मंत्री मैक्सिम रेशेतनिकोव और उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भाग लिया। यह बैठक पुतिन की वर्ष के अंत में प्रस्तावित भारत यात्रा से पहले हो रही है। रूसी राष्ट्रपति की वार्षिक शिखर वार्ता के लिए 5 दिसंबर के आसपास भारत आने की उम्मीद है।



## संपादक की कलम से

# प्रतिशोध का कुटिल फैसला

जिस ट्रिब्यूनल को 2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्थापित किया था, उसी ढाका इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने उन्हें ह्यमौत की सजाह्न सुनाई है। हसीना लंबे वक्त तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही हैं। यदि उन पर हत्याओं के आरोप ह्यअपराधह्न बना दिए गए हैं, तो यह सिर्फ प्रतिशोध का फैसला है, लिहाजा सवालिया भी है। एक ट्रिब्यूनल प्रधानमंत्री के स्तर की शख्सियत को ह्यमौतह्न नहीं दे सकता।



ललित शर्मा
संपादक

न्याय निष्पक्ष, निडर और ईमानदार होना लाजिमी है। ऐसे फैसले सर्वोच्च अदालत के स्तर पर लिए जाने चाहिए। लेकिन उसकी भी एक अजीब शर्त है कि शेख हसीना बांग्लादेश लौट कर आत्मसमर्पण करें। उन्हें गिरफ्तार किया जाए। उसके बाद सर्वोच्च अदालत उनकी अपील को सुन सकती है। फिर भी निष्पक्ष और तटस्थ फैसले की गारंटी क्या है? ह्यसजा–ए–मौतह्न सुनाने वाला ट्रिब्यूनल पाकिस्तान के युद्ध–अपराधियों के खिलाफ मामलों को सुनने और उचित सजा सुनाने को गठित किया गया था। वह 1971 का दौर था, जब बांग्लादेश मुक्ति संग्राम लड़ा जा रहा था। यह बांग्ला नागरिक समाज की लगातार मांग थी कि पाकिस्तान की फौज ने जो नरसंहार किए, उसके लिए युद्ध–अपराधियों को सजा दी जाए। उस दौर में करीब 30 लाख लोगों की हत्याएं की गईं और करीब 2.50 लाख महिलाओं से बलात्कार किए गए। तब की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश के नागरिक समाज की बात कबूल की और यह ट्रिब्यूनल स्थापित किया। हसीना के खिलाफ ट्रिब्यूनल का ह्यमौत की सजाह्न का फैसला कठिन, कुटिल, पैंतरेबाजी का फैसला है। पता नहीं, मुहम्मद यूनुस कब की खुन्नस हसीना से निकालना चाहते हैं। यूनुस अमरीका का मोहरा हैं, यह तख्तापलट के बाद ही साफ हो गया था, जब यूनुस अमरीका के प्रवास पर गए थे। तख्तापलट में अमरीका का भी पूरा हाथ था। बहरहाल बीते साल बांग्लादेश में जो छात्र आंदोलन भडका था, उसमें कई मौतें भी हुई थीं। शेख हसीना को 5 अगस्त, 2024 को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देकर, देश छोड़ कर, भागना पड़ा था। भारत ने उन्हें शरण दी, क्योंकि प्रधानमंत्री के तौर पर उन्होंने भारत के साथ दोस्ती निभाई थी। वह अव्वल दर्जे की हिंदूवादी नेता थीं। वह आज भी भारत में हैं और सुरक्षित हैं। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार काम कर रही है। यूनुस बुनियादी और वैचारिक तौर पर शेख हसीना के विरोधी हैं। अंतरिम सरकार के दौरान ही इस्लामवादी ताकतों ने हिंदुओं की हत्याएं कीं, उनके मंदिर तोड़े, प्रतिमाएं खंडित की गईं, घर–दुकानों को जला कर राख कर दिया। उनकी जवाबदेही किसकी है? इनकी सजा यूनुस को मिलनी चाहिए। कब सजा दी जाएगी? यूनुस सरकार ने कट्टरवादी ताकतों के पक्ष में फैसले लिए और उन्हें जेलों से रिहा किया। राजनीतिक पार्टी की मान्यता दी, ताकि वे चुनाव लड़ कर हुकूमत में आ सकें। क्या यूनुस के मंसूबे बांग्लादेश को ह्यशरिया इस्लामवादी देशह्न बनाने के हैं? यूनुस की उम्र 90 साल होने को है, लेकिन वह हसीना–विरोधी कट्टरता छोड? को तैयार नहीं हैं, लिहाजा मौजूदा हालात में बांग्लादेश में ह्यगृहयुद्धह्न छिड़ सकता है। शेख हसीना की पार्टी ह्यअवामी लीगह्न ने भी देशव्यापी बंद का ऐलान किया है। यूनुस सरकार ने पार्टी पर पाबंदी भी थोप रखी है, नतीजतन वह चुनाव नहीं लड़ सकती। बीते कुछ दिनों से मौजूदा अंतरिम सरकार के खिलाफ जनाक्रोश सडकों पर उतरा है।

## अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस- 19 नवम्बर, 2025

# उपेक्षित संवेदनाओं और अनदेखें संघर्षों का सच

महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। पहला अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस 1999 में 19 नवंबर को डॉ. जेरोम टीलकसिंह ने त्रिनिदाद और टोबैगो में मनाया था। दुनिया के 30 से अधिक देशों में यह दिवस मनाया जा रहा है। यह केवल पुरुषों का उत्सव नहीं, बल्कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में उनकी स्थिति, संघर्षों और मनोभावों को समझने का मौका है। जैसे स्त्रियाँ वर्षों से असमानता, उपेक्षा और अन्याय के बोझ से जूझती रही हैं, वैसे ही आज पुरुष भी कई स्तरों पर अपने शोषण एवं उत्पीडित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की ही भांति अब पुरुषों पर भी उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की बात की जा रही है। वे भी दबाव, अवसाद और सामाजिक पूर्वाग्रहों का सामना कर रहे हैं। दुर्भाग्य यह है कि पुरुषों की पीड़ा, उनके संघर्ष और उनकी संवेदनाएँ उतनी चर्चा का विषय नहीं बनते, जितना कि वे बनना चाहिए। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि समाज केवल स्त्रियों से ही नहीं, पुरुषों से भी बनता है और किसी एक की उपेक्षा पूरे संतुलन को बिगाड़ देती है। 2025 के लिए इस दिवस की थीम ह्यपुरुषों और लड़कों का उत्सवह्न है।

आज का पुरुष बदलते समय के साथ एक दोहरी चुनौती से जूझ रहा है-एक ओर उससे पारंपरिक भूमिकाओं को निभाने की अपेक्षा की जाती है, दूसरी ओर नये सामाजिक ढाँचों में भावनात्मक रूप से अधिक संवेदनशील, सहयोगी और सहचर होने का दबाव है। संघर्ष यह है कि इस परिवर्तन में उसकी पीड़ा, द्वंद्व और टूटन को गंभीरता से नहीं सुना जाता। उसे मजबूत, कठोर और समस्यारहित मान लेने का भ्रम उसकी वास्तविक जरूरतों को छिपा देता है। यही कारण है कि आधुनिक पुरुष स्वयं को कई बार दोयम दर्जे की स्थिति में पाता है-एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसे समाज जिम्मेदारी तो देता है, पर अधिकार और संवेदना नहीं। पुरुषों पर हो रहे अत्याचारों की अनदेखी भी चिंताजनक है। घरेलू हिंसा, झूठे मुकदमे, अभिभावकत्व के अधिकारों से वंचित होना, मानसिक प्रताड़ना, कार्यस्थलों पर उत्पीड़न-ये सब वास्तविक समस्याएँ हैं, जिन्हें अक्सर मजाक या अतिशयोक्ति कहकर टाल दिया जाता है। पुरुष के दर्द को ह्यमर्द को दर्द नहीं होताह्न जैसी रूढ़ि निगल जाती है। जबकि सच यह है कि भारत में पुरुष भी आत्महत्या, अवसाद और मानसिक दबाव के शिकार बन रहे हैं। कई रिपोर्टों में यह तथ्य सामने आया है कि अवसाद और आत्महत्या के मामलों में पुरुषों की संख्या महिलाओं की तुलना में अधिक है, पर इस पर चर्चा समाज की प्राथमिकता नहीं बनती। यह उपेक्षा न केवल अमानवीय है, बल्कि समाज के संतुलन को खतरे में डालने वाली भी है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है। तरह-तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज-निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। समाज हमेशा पुरुष से अपेक्षा करता है कि वह परिवार की रीढ़ बने, आर्थिक व भावनात्मक उत्तरदायित्व निभाए, कठिनाई में ढाल की तरह खड़ा रहे। लेकिन जब वही पुरुष कमजोर पड़ता है, टूटता है, या न्याय चाहता है, तो वह उपेक्षित कर दिया जाता है। पुरुष को यह अधिकार मिलना ही चाहिए कि वह अपनी पीड़ा कह सके, अपने अधिकारों की रक्षा कर सके और गलत आरोपों से मुक्त हो सके। जैसे महिलाओं के लिए सुरक्षा और न्याय के तंत्र बनाए गए, वैसे ही पुरुषों के लिए भी कुछ संवेदनशील और न्यायपूर्ण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता है। यह समझना आवश्यक है कि पुरुष समाज के निर्माण का अभिन्न हिस्सा है-वह पिता है, पति है, पुत्र है, भाई है, मित्र है। उसकी उपस्थिति के बिना किसी भी परिवार या समाज की कल्पना अधूरी है। वह जिम्मेदारियों से भरा हुआ व्यक्ति है, लेकिन इसी वजह से वह सबसे अधिक दबाव और अपेक्षाओं का भार उठाता है। यह भी सच है कि पुरुष ही समाज के विकास, विज्ञान, कला, परिश्रम और संरचना के बड़े हिस्से का वाहक रहा है। लेकिन इस योगदान के बावजूद, आज पुरुषों की समस्याओं के प्रति संवेदना बढ़ाने की आवश्यकता है।





ललित गर्ग

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस का संदेश यही है कि महिलाओं के समान ही पुरुषों की भी गरिमा, सुरक्षा, सम्मान और संवेदनाओं की रक्षा की जानी चाहिए। लैंगिक समानता का अर्थ केवल महिलाओं को सशक्त बनाना नहीं, बल्कि पुरुषों पर बने अनुचित पूर्वाग्रहों को भी तोड़ना है। एक स्वस्थ, संतुलित समाज वही है जिसमें दोनों लिंगों की समस्याओं को समान रूप से सुना और समझा जाए। पुरुषों को कठोरता की बेड़ियों से मुक्त कर, उनके भावनात्मक अस्तित्व को स्वीकार करना समय की मांग है। पुरुष दिवस हमें जागरूक करता है कि सह-अस्तित्व, सहयोग, संवाद और करुणा ही पुरुष-स्त्री के संबंधों का वास्तविक आधार हैं। पुरुष और स्त्री एक-दूसरे के विरोधी नहीं, पूरक हैं। इसलिए उनकी समस्याओं, अधिकारों और जिम्मेदारियों को भी पूरक दृष्टि से ही देखा जाना चाहिए। जब समाज पुरुष की पीड़ा को भी उतनी ही गंभीरता से सुनेगा, जितनी वह स्त्री के आर्तनाद पर देता है, तभी हम सच्चे अर्थों में संतुलित और मानवीय समाज का निर्माण कर पाएँगे। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्य और ह्यमाई नेशनह्य नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि यह पुरुष को उसके वास्तविक स्वरूप में देखने, समझने और सम्मान देने का अवसर देता है-एक ऐसे मानव के रूप में, जो जिम्मेदार भी है, संवेदनशील भी; जो मजबूत भी है, पर टूट भी सकता है; जो देता ही नहीं, पाने की भी अपेक्षा रखता है। पुरुष की इस नई समझ के बिना मानवीय समाज की कल्पना संभव नहीं है। यह ऐसा एक वैश्विक उत्सव है जो पुरुषों के सकारात्मक योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाता है, साथ ही पुरुषों के स्वास्थ्य, कल्याण और लैंगिक समानता को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है। यह दिन पुरुषों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का समर्थन करने वाली चचाओं और कार्यों को बढ़ावा देने, सकारात्मक रोल मॉडल को प्रोत्साहित करने और अधिक समावेशी समाज की वकालत करने का अवसर प्रदान करता है।

## उदय किशोर साह



### बागवान

कविता

उजड़ जाता है धरा का वो गुलशन
जब बाग में माली ना कभी होता है
पतझड़ सा नजारा दिखता है वो वन
जब उपवन का रखवाली ना होता है

कलियों पे कोई आँच ना कभी आये
माली दिन रात फिक्र में जी पाता है
जब तक जिन्दा है ये वन का माली
कलियाँ चमन में सुरक्षित दिखता है

मत कर वन माली का कोई उपहास
तेरी सुरक्षा में उनका जीवन। कुर्वान
सींच सींच कर अपनी मिहनत से
तुम सब को दिया है जग में। सम्मान

प्रकृति का है नियम अद्भूत ही निराला
हर बगिया का होता है जग में रखवाला
बाग बगीचा हो या परिवार समाज
सुरक्षा देता है जहाँ बागवान बगियावाला

बागवान की हो हर युग में स्वागत
जिसके काँधे पर होता है इज्जत की राज
बागवान से ना हो कोई भी कभी शिकायत
इनके आभाव में उजड़ गया है हरी हरी बाग

# आरटीआई में खुलासा चारागाह की सरकारी भूमि पर दबंगों ने पक्के मकान बना लगा रखे हैं कारखाने और आरा मशीन जिम्मेदारी किसकी ? राजा भईया ने कराई शिकायतें दर्ज



जारीकर्ता राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया
एडवोकेट दिल्ली हाई कोर्ट एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष
हिन्दुस्तान शिवसेना मो न– 9811371054
9818951279





राजस्थान के टोंक जिले की अलीगढ तहसील के ग्राम उखलाना में तथ्यों सहित एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुऐ हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने बताया कि उक्त ग्राम के दशहरा मैदान, रामतलाई के पास चौथ माता रोड पर खाता संख्या 594 खसरा नम्बर 135 की रकबा 1.29 हैक्टेयर सरकारी चारागाह की भूमि पर अलीगढ के ही कुछ दबंग भूमाफियाओं ने संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध अतिक्रमण कर कब्जा किया हुआ है वहां उन्होंने ना सिर्फ पक्के मकानों का निर्माण कर लिया है बल्कि अवैध रूप से कारखाने और आरा मशीन तक लगाई हुई है, आरटीआई से पूरे मामले का खुलासा करते हुऐ राजा भईया ने इस बाबत जमाबंदी एवं हल्का पटवारी उखलाना की मौका रिपोर्ट तथा नक्शा मौका की सत्यप्रियां प्राप्त कर, अवैध कब्जों के फोटो सहित एसडीएम उप खण्ड उनियारा, तहसीलदार अलीगढ एवं थाना प्रभारी अलीगढ को आरोपियों के विरुद्ध ऋकफ दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने तथा तत्काल उक्त सरकारी चारागाह की भूमि से अवैध अतिक्रमण, कब्जा हटवाने के लिए लिखित शिकायतें दर्ज कराई है, एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने आज पत्रकारों को सभी दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए बताया कि इतने बड़े स्तर पर सरकारी चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करना बिना संबंधित सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत के संभव ही नहीं है उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द कार्यवाही ना की गई तो वह उक्त भूमाफियाओं के साथ साथ संबंधित सरकारी अधिकारियों के विरुद्ध भी सक्षम एवं संबंधित न्यायालय में मुकदमे भी दर्ज कराएंगे,इस सनसनी खेज खुलासे से पूरे जिले में खलबली मच गई है और भूमाफियाओं के साथ साथ सभी संबंधित अधिकारियों की भी नींदें उड़ गई है , अब देखना यह है कि राजा भईया की यह मुहिम कब तक और क्या रंग लाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आगरा ताज हाफ मैराथन 2026 के लिए प्रोमो रेस आयोजित



वेलकम इंडिया

**आगरा मयूर खान।** आगरा ताज हाफ मैराथन 2026 के लिए प्रोमो रेस आयोजित आगरा स्पोर्ट्स फाउंडेशन और एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेसेज की ओर से आगामी 8 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाली आगरा ताज हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण के लिए रविवार को शास्त्रीपुरम क्षेत्र में दूसरी प्रोमो रेस आयोजित की गई। यह रेस जोनल पार्क से इंडस्ट्रियल एरिया होते हुए जपनाम अस्पताल तक 5 और 10 किलोमीटर की दूरी के साथ संपन्न हुई। इस प्रोमो रेस में 9 वर्षीय किशोर चैतन्य पाल से लेकर 84 वर्षीय वरिष्ठ धावक रतन सिंह आर्य सहित 600 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सभी धावकों ने फिटनेस और जीवनशैली में बदलाव का संदेश देते हुए दौड़ पूरी की। रोटेरियन डॉ. आरती मेहरोत्रा और दीपक नेगी ने जय हो जैसी उत्साहवर्धक धुनों पर वॉर्म-अप एक्सरसाइज कराई। स्वामी परमानंद महाराज ने शंखनाद के साथ हरी झंडी दिखाई। राष्ट्रगान के बाद रेस शुरू हुई।

## ग्रामीणों ने रास्ते पर जबरन दीवार लगाने आरोप लगाते हुए एसडीएम से की शिकायत

बुलंदशहर शिकारपुर तहसील क्षेत्र के गांव मामऊं में रास्ते पर अवैध कब्जा करने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप एसडीएम को दिया शिकायती पत्र। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मामऊं गांव के दर्जन भर ग्रामीण शिकारपुर तहसील में एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां पर उन्होंने रास्ते पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए होमपाल पुत्र हरपाल सिंह के खिलाफ एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। ग्रामीण इंद्रपाल सिंह वीर सिंह गजराज सिंह ने बताया कि आम रास्ते पर दीवार लगाने का जबरन प्रयास किया जा रहा इस रास्ते पर दिन भर सैकड़ों लोग अपने वाहन लेकर निकलते है जब रास्ता पर दीवार लग जायेगी तो वाहन निकलना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है यह रास्ता खाद के गड्ढों में होकर निकल रहा है ।वही विपक्षी का कहना है कि मेरी दादा लाई भूमि है। उधर पूर्व में नायब तहसीलदार रही रत्न वर्णवाल एवं लेखपाल टीम द्वारा इस भूमि को नापतौल कर खाद का गड्ढा बताया गया था लेकिन अब वर्तमान में लेखपाल ने ग्रामीणों को भ्रमित कर दिया है और अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा।

# हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** स्वर्गीय दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति द्वारा स्थापित हल्दौर ग्रुप आफ कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय अध्यक्षा सुमित्रा देवी एवं कृष्णा देवी, रितेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल और कुशल संचालन सृष्टि चौधरी एवं वंशिका चौधरी द्वारा किया गया फ्रेशर्स पार्टी में सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजक गेम्स रैम्प वॉक, नृत्य, गायन आदि का आयोजन किया गया। इसमें कुं तनिष्का राजपूत और मोहम्मद जुबेर मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर चुने गए। वही आकांक्षा और अब्दुल रहमान मिस रैंप वॉक व मिस्टर रैम्प वॉक रहें, सर्वोत्तम परिधान प्रतियोगिता में वंशिका चौधरी प्रथम स्थान पर रही, नृत्य में श्रीयांक्षी एवं गायन में नसरा हाशमी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आशुतोष नागर, सतविंदर गुजराल और सतनाम सिंह ने मंच की शोभा बढ़ाई। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज कुमार ने फ्रेशर्सका स्वागत करते हुए कहा कि मैं यह विश्वास दिलाता हूं हम आपको सर्वोत्तम शिक्षक, संसाधन व्यावहारिक अनुभव और प्रशिक्षण विधियों से सुसज्जितकरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे ताकि आप इस चुनौती पूर्ण दुनिया के लिएअपने जीवन और करियर को आकर दे सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेंद्र त्यागी सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शिक्षाविद, पर्यावरण प्रेमी, समाजसेवी को किया सम्मानित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**बिजनौर :** ग्रामीण क्षेत्र में कन्या शिक्षा वृक्षारोपण एवं पॉलिथीन मुक्त क्षेत्र का अलख जगाने वाले राजीव शर्मा दानी को कोतवाली ब्लॉक के जूनियर विद्यालय करौंदा चौधर कि संकुल मासिक मीटिंग मैं मेडल एवं माला पहनाकर नोडल अधिकारी लोकेश कुमार तथा शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। दानी ने शिक्षकों को क्षेत्र को पॉलिथीन मुक्त करने के उपाय पर विस्तृत चर्चा करते हुए वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया।

# यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**बिजनौर :** यूनिवर्सल एकेडमी बिजनौर के कक्षा 1 से 2 तक के बच्चों ने हैदरपुर वेटलैंड का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने बसों को हरी झंडी दिखाकरछात्र छात्राओंको शुभकामनाओं के साथ रवाना किया। हैदरपुर वेटलैंड एक ऐसा स्थान है जहां सर्दियों के दौरान हजारों प्रवासी पक्षियों के झुंड, नदी का शांत जल और हरियाली युक्त सुंदर दृश्य को देखा जा सकता है। बच्चों ने वहां अनेक प्रवासी पक्षियों स्वान, साइबेरियन क्रेन, कॉमन पोछार्ड , मंगोलिया, यूरेशियन वाई वाईगीयन, भारतीय स्पॉट बिल्ड डक, टफ्ट डक, वन्य जीव प्रजातियां और अनेक तरह के पौधों को देखा।

अनेक तरह के फन गेम्स और साइकिलिंग का आनंद लिया। बच्चों ने सारे क्षेत्र के भ्रमण का आनंद वहां के स्थानीय गाइड आर्यन युदेश, सोनवीर के सानिध्य में किया। बच्चे यह सब देखकर काफी उत्साहित दिखे। बच्चों के साथ कक्षा एक से दो तक के सभी कक्षा अध्यापिकाएं अजीत चौधरी व निशांत चौधरी का योगदान रहा। और वह के स्थानीय गाइड आर्यन युदेश, सोनवीरइन्होंने बच्चों को हर क्षेत्र की जानकारी दी तथा बच्चों की जिज्ञासा को शांत किया। बच्चों ने भ्रमण के बाद भोजन का आनंद लिया। भोजनोंपरांत सभी अपनी-अपनी बसों से वापस लौटे और विद्यालय पहुंचकर शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ अनुज त्यागी ने इस तरह के शैक्षिक भ्रमण को मनोरंजन करने के साथ-साथ आत्मविश्वास बढ़ाने का माध्यम बताया और कहा इस तरह के ट्रिप किताबी ज्ञान से बाहर निकाल कर बच्चों को जानने में सीखने में मदद करते है। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी कहा इस तरह के शैक्षिक भ्रमण से प्रत्यक्ष ज्ञान की प्राप्ति होती है और बच्चों को कुछ नया सीखने के अवसर प्रदान करते है।

## भैंस चोरी की घटना का पदार्फाश, एक अभियुक्त गिरफ़्तार

वेल्कम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर नगीना देहात क्षेत्र में भैंस चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ग्राम किशनपुर आंवला निवासी राजीव पुत्र सुखलाल ने सूचना दी थी कि उसकी एक भैंस अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुरा ली गई है। सूचना के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करके जांच आरम्भ की थी। जांच के दौरान संदिग्ध का पता चलने पर दिनांक 17 नवम्बर 2025 को पुलिस ने नईम पुत्र रशीद निवासी मोहल्ला पठानपुर, कस्बा नजीबाबाद, जिला बिजनौर को गिरफ़्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त के पास से घटना में उपयोग की गई एक मालवाहक गाड़ी (यू के शून्य सात सी डी तीन सात पाँच नौ) तथा छह हजार एक सौ रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर प्रकरण में आवश्यक धाराओं की वृद्धि की गई है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त नईम के विरुद्ध पूर्व में भी अवैध हथियार, पशु क्रूरता तथा नशीले पदार्थों से सम्बन्धित प्रकरण दर्ज रह चुके हैं। अभियुक्त को गिरफ़्तारी के उपरान्त आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय के सुपुर्द किया गया। बरामद सामग्री मालवाहक गाड़ी (यू के शून्य सात सी डी तीन सात पाँच नौ) छह हजार एक सौ रुपये नकद गिरफ़्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक हिमांशु मुख्य आरक्षी रविन्द्र कुमार आरक्षी ईशान चौधरी शामिल रहे।

## जेपी पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति के लिए विशेष पहल की गई



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**चांदपुर :** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर में सीबीएसई और एनसीवी के तहत नशा मुक्ति के लिए विशेष पहल की गई। स्कूल में छात्रों को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई गई और नशा मुक्ति पर परामर्श सत्र आयोजित किए गए। शिक्षकों को भी नशा मुक्ति से जुड़े काउंसलिंग से अवगत कराने के लिए बैठकें कराई गईं, जिनमें विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर जी ने और प्रबंधन ने सक्रिय भागीदारी दी। स्कूल परिसर में हेल्पलाइन नंबर बोर्डों पर लगवाए गए ताकि जरूरतमंदों को सहायता मिल सके। सभी स्टाफ व छात्र-छात्राओं ने इस अभियान में हिस्सा लिया और नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। यह पहल नशा मुक्त भारत अभियान के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप है। जो विद्यार्थियों और शिक्षकों में नशा मुक्ति के लिए प्रतिबद्धता और जिम्मेदारी का भाव जागृत करती है। इससे स्कूल में एक स्वस्थ और सकारात्मक वातावरण का सृजन होगा और समुदाय में नशा विरोधी संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

इस खबर को स्कूल न्यूज पोर्टल, स्थानीय समाचार पत्र, और सोशल मीडिया पर प्रभावशाली तरीके से साझा किया जा सकें।

# उपजिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया

वेल्कम इंडिया महमूद रजा



जनपद बिजनौर के अपना दल के ज़िला अध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने उपजिलाधिकारी नजीबाबाद से मुलाकात कर क्षेत्र की कई गंभीर जनसमस्याएँ रखीं और त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने उपजिलाधिकारी के समक्ष प्रमुख रूप से ये मुद्दे उठाए– क्षेत्र में बढ़ते फर्जी अस्पताल और मरीजों का ओवरलोड करना, जिससे स्वास्थ्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हो रहा है। सरकारी रास्तों पर अवैध कब्जे, जिन्हें हटाने की तुरंत आवश्यकता है ।कुछ दबंग लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतें। विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर रोक लगाकर नोटिस जारी करने की मांग ।सरकारी स्कूलों में ठउएफळ की किताबें अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग। महिला मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल रहा इस बैठक में महिला मंच/महिला मोर्चा की ओर से प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं– उपासना राजपूत (महिला जिलाउप ध्यक्ष), निधि शर्मा, सृता (र१३), और कमलजीत कौर। महिला मंच ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय परेशानियों से जुड़े मुद्दे उपजिलाधिकारी के सामने मजबूती से रखे। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि महिलाओं से जुड़े जनहित मुद्दों पर प्रशासन को तत्काल कदम उठाने चाहिए। उपजिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे छात्र-छात्राओं आपने अपनी प्रतिभाओं का किया प्रदर्शन

वेल्कम इंडिया महमूद रजा



**जनपद बिजनौर नगीना।** शिक्षा विभाग के सौजन्य से आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे छात्र-छात्राओं आपने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में निक्की व बालक वर्ग में तनिष चैंपियन चुने गए। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती तृप्ति के पति विकाश राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। क्रीडा प्रतियोगिता के समापन पर विकास राजपूत तथा विशिष्ट चैयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। कोतवाली ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रस्तुत किए गए शानदार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ एमएम इंटर कॉलेज के मैदान में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकाश राजपूत व कोतवाली ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के खेल प्रभारी राहुल ठाकुर की देखरेख में हुआ जिसमें 269 प्राइमरी और प्राथमिक विद्यालयों के छात्राओं ने प्रतिभात किया। खेल प्रतियोगी बच्चों ने अनुदेशकों के नेतृत्व में मार्च पास्ट के बाद में विभिन्न प्रतियोगिताओं दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, चक्का फेंक, गोला फेंक, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो खो आदि में प्राथमिक व जूनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने जमकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया



वेल्कम इंडिया महमूद रजा

जनपद बिजनौर के नजीबाबाद नगर के राजकीय इण्टर कॉलेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। सोमवार को नगर के राजकीय इंटर कालेज में सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चार सौ विद्यार्थियों सहित शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राहुल कुमार,उप निरीक्षक सौरभ सिंह एवं मिशन शक्ति टीम ने यातायात सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी ।उपस्थित लोगों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। ओवरलोडिंग, तीन सवारी, मॉडिफाइड वाहन चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना और मोबाइल फोन का उपयोग करते हुए वाहन चलाना दंडनीय अपराध है।

# धर्म शक्ति और सुरक्षा हेतु से नवंबर से लेकर जनवरी तक धार्मिक अनुष्ठान अत्यंत आवश्यक - दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

वेलकम इंडिया

मजहबी कटटरपंथियों ने लगभग वर्ष 1528 से 1529 के बीच दिसंबर माह के आस पास श्री राम मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनाई थी तत्पश्चात विवादित ढांचे को गिराने से लेकर राम लला सरकार को पुन्ह मंदिर में विराजित करने का समय काल नवंबर माह से लेकर जनवरी माह के बीच में ही रहा। अयोध्या धाम और धर्म शक्ति की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है की नवम्बर से लेकर जनवरी तक धार्मिक अनुष्ठान सभी धर्म प्रेमियों को ज्यादा से ज्यादा करने चाहिए क्योंकि धर्म को और धर्म प्रहरियों को शक्ति और विधर्मियों के षडयंत्रो का विनाश उन्ही अनुष्ठानों की कृपा से होता है। जिस प्रकार दिल्ली बम धमाके के जिहादी तंत्र का पदार्फाश हुआ है निश्चित ही वह देव कृपा और भारत सरकार की सुरक्षा एजेंसियों की सजगता के कारण सम्भव हुआ है अनेको बार देखा गया है की जिहादी आतंकवादी इसी समय काल में अमानवीय कृत्य / मजहबी जिहाद कर मानवता की हत्या करने का प्रयास करते हैं।

संबत सर वसु बान नभ, ग्रीष्म ऋतु अनुमानि।

तुलसी अवधहिं जड़ जवन, अनरथ किय अनखानि॥

बाबर के अत्याचार के वर्ष के बारे में तुलसी बाबा ने इस दोहे में समझाया है। इसमें लिखे गए काल गणना के अंकों को आप दाएं से बाईं ओर पढ़ सकते हैं। सर (शर) = 5, वसु = 8, बान (बाण) = 5, नभ = 1 अर्थात विक्रम संवत 1585 और इसमें से 57 वर्ष घटा देने पर अंग्रेजी वर्ष 1528 आता है। तुलसी बाबा लिखते कि विक्रम संवत 1585 (वर्ष 1528) की गर्मी के दिनों में जड़ यवनों ने अवध में वर्णन न किए जाने योग्य अनर्थ किया। यानी हिंदुओं पर मुगलों की बर्बरता का वर्ष सीधे तौर पर तुलसी बाबा यहां बताते हैं।

राम जनम महि मंदरहिं, तोरि मसीत बनाय।

जवहिं बहुत हिन्दू हते, तुलसी कीन्ही हाय॥

इसमें तुलसी बाबा लिखते हैं कि राम जन्मभूमि का मंदिर नष्ट करके मुगलों ने एक मस्जिद बनाई। बड़ी ही बेरहमी से इस दौरान हिंदुओं की हत्या की गई। यह सुनकर- देखकर तुलसी के मुख से हाय निकल रहा था।

बाबर बर्बर आइके, कर लीन्हे करवाल।

हने पचारि पचारि जन, जन तुलसी काल कराल॥

हाथ में तलवार लिए बर्बर बाबर आया। लोगों को ललकार- ललकार कर हत्या की। लोग काल के गाल में समा गए। यह समय अत्यंत भीषण था ।मजहबियों के वीभत्स नरसंहार, गैर इस्लामिक समाज के प्रति किसी न किसी प्रकार से क्रियान्वित रहते हैं इसलिए अत्यंत आवश्यक है की प्रभु की प्रार्थना के साथ साथ सजग रहकर पुरुषार्थ भी किया जाए एवं इस समय काल में सुंदरकांड अधिकाधिक करना और करवाना चाहिए क्योंकि हनुमान जी महाराज की स्तुति करने से उनको अपने बल का स्मरण होता है और जब हनुमान जी का बल जाग्रत होगा तो धर्म प्रहरियों और राष्ट्र सेवकों को भी शक्ति प्राप्त होती है।



# जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु, व्यापार बंधु और एमओयू की समीक्षा बैठक

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु, व्यापार बंधु एवं एमओयू की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान को निर्देश दिया कि जिन लोगों द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

उनसे संपर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान कराएं और ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के लिए शासन से प्राप्त लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने के निर्देश दिए।

डीएम ने उद्योग स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंकों में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं, उन्हें समय से स्वीकृत कराने के लिए भी निर्देशित किया। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयांतर्गत निस्तारण कराने के निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण कराएं। बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से संपादित कराए जाने के लिए निर्देश देते हुए जर्जर पोल को ठीक कराने को कहा। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मीट कॉम्प्लेक्स बनकर तैयार हो गया है, उसे संचालित कराने के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया मीट और मछली की दुकान आबादी दूर होनी चाहिए। टैक्सी स्टैंड निर्धारित स्थान पर ही संचालित हो।इसके अलावा दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना आदि के संबंध में व्यापारियों को लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक में विधायक श्यामधनी राही, सीडीओ बलराम सिंह, एसपी अग्रवाल, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश पासवान, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा अन्य संबंधित अधिकारी तथा व्यापारी मौजूद रहे।

## दुधारा पुलिस की अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक डम्फर वाहन को जब्त किया है। दुधारा थाना उपनिरीक्षक अभय कुमार पाण्डेय अपने हमराही हे0का0 जयचन्द कन्नौजिया, हे0का0 भरत यादव, का0 आन्नद कुमार पटेल, का0 दीपक सिंह अपनी टीम के साथ शांति व्यवस्था के दृष्टिगत पिपरा बोरिंग क्षेत्र में गश्त और रात्रि गस्त में लगे कर्मचारियों को चेक कर रहे थे। इसी दौरान, एक मिट्टी से लदी हुई डम्फर गाड़ी आती हुई दिखाई दी, जिसे रोका गया। वाहन के वाहन चालक से मिट्टी खनन के संबंध में कागजात मांगे गए, जो वह नहीं दिखा सका। चालक ने स्वीकार किया कि वह इसी गाड़ी से मिट्टी खनन कर ले जा रहा था। उक्त डम्फर वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत चालान करते हुए कब्जा पुलिस में लिया गया और थाना परिसर में सीज कर खड़ा किया गया है।

# मत्स्य विकास मंत्री ने सांसद के साथ राप्ती नदी में छोडें मछली के बच्चें

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** बांसी में मंगलवार को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत रिवर रैंचिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद ने डुमरियागंज लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल के साथ बांसी कस्बे के रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर राप्ती नदी में एक लाख मछली के बच्चे छोड़े।

राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड द्वारा संचालित इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए भारतीय मेजर कार्प मत्स्य बीज, जिनमें रोहू, कतला और नैन प्रजाति की मछलियां शामिल थीं, नदी में डाले गए। यह पहल नदियों में मछली स्टॉक बढ़ाने और मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

इस अवसर पर मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद ने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।उन्होंने बताया कि नदियों के किनारे बसे मछुआ समुदाय के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी आय व रोजगार के साधन बढ़ाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में मौजूद क्षेत्रीय सांसद जगदंबिका पाल ने मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद से सिद्धार्थनगर जिले में एक एक्वा पार्क स्थापित करने की मांग की।उन्होंने तर्क दिया कि सिद्धार्थनगर जिला मछली उत्पादन में अग्रणी है और यहां एक्वा पार्क बनने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, नगरपालिका सिद्धार्थनगर ईओ अजय सिंह, ईओ बांसी प्रिंस शर्मा, मनोज बाबा, बजरंगी वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और अधिकारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### उद्यान विभाग ने किसानों को लहसुन और प्याज का बीज बांटा



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

सिद्धार्थनगर।एकीकृत बागबानी विकास मिशन योजना के तहत मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम में जिले 46 किसानों में लहसुन व प्याज का निशुल्क बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडीएम न्यायिक डाक्टर ज्ञान प्रकाश ने मंगलवार को जिला उद्यान कार्यालय में बीज वितरित किए। जिला उद्यान अधिकारी विमल कांत ने बताया कि एनएच आरडीएफ से लहसुन व प्याज बीज का क्रय कर पंजीकृत कृषकों में किया जा रहा है। मंगलवार को 25 किसानों और सोमवार को 21 कृषकों में बीज का वितरण किया गया। इस दौरान संदीप कुमार वर्मा उद्यान निरीक्षक, मारुति नंदन मिशन प्रभारी मौजूद रहे।

### पशु आरोग्य मेले मे पशुओं के इलाज का उठाएं लाभ : विधायक श्यामधनी राही



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** पशुपालन विभाग की ओर से विकास खंड नौगढ़ के ग्राम पंचायत रामगढ़ के सेखुईया चौराहा पर पशु चिकित्सालय पर आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्यामधनी राही ने गो पूजन करने के साथ फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि यह सरकार की प्रमुखता वाली योजनाएं हैं। मेले में पशुओं के लिए सरकार की तरफ से निशुल्क दवाओं का वितरण योजना पूरी तरह से सफल है। उन्होंने कहा कि अपने पशुओं को हीट में आने के बाद वैज्ञानिक विधि से कृत्रिम गभार्धान ही कराएं। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजबहादुर यादव ने पशुधन बीमा योजना, मुख्यमंत्री दुग्ध प्रोत्साहन योजना, केसीसी योजना तथा नस्ल सुधार योजना के विषय में भी पशुपालकों को जानकारी दी।

# शिलापट्ट पर विधायक का नाम नहीं डाले जाने के आरोप से आहत हूं: सासंद पाल



**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने अपने कैम्प कार्यालय मे प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में पावर ग्रिड कार्पोरेशन आंफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा निर्मित पचास बेड के विश्राम सदन के उद्घाटन शिलापट्ट पर विधायक श्यामधनी राही का नाम नहीं डाले जाने के आरोप से वह आहत है।उन्होंने कहा कि यह पावर ग्रिड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम था।उन्होंने अपने फॉर्मेट पर ही पत्थर पर नाम डाले थे।इसकी मुझे जानकारी नहीं थी। इस मुद्दे पर प्रेस में जाने की बजाए उन्हें मुझसे बात करनी चाहिए थी। उन्हें कार्यक्रम में रहना चाहिए था।

उन्होंने कहा कि इसके पहले नगर पालिका सिद्धार्थनगर में प्रदेश के नगर विकास विभाग की तरफ से कराए गए कार्यों पर सांसद का नाम नहीं डाला गया।

उन्होंने नगर पालिका सिद्धार्थनगर की तरफ से कराए गए कई विकास कार्यों के शिलान्यास व लोकार्पण के पत्थरों का हवाला देते हुए कहा कि उस समय सभासदों, चेयरमैन श्याम बिहारी जायसवाल और विधायक श्यामधनी राही का नाम था। बहुत अच्छी बात थी कि विधायक जय प्रताप सिंह का भी नाम डाला गया लेकिन इन उद्घाटन व लोकार्पण के पत्थरों में सांसद का नाम नहीं होने पर विधायक द्वारा विरोध नहीं जताया गया। हम अब भी इस कार्यक्रम के शिलापट में उनका नाम डालने का प्रयास करेंगे।

## अज्ञात कारणों से यमुना में कूदी महिला

**मथुरा/कोसीकलां।** शहीद हेमराज के गांव शेरनगर खेरार में खेत पर गई महिला अचानक खेत के पास से ही निकल रही यमुना मे कूद गई। ग्रामीण यमुना में कांटा डालकर महिला की तलाश में जुटे हैं। बताया गया कि प्रातः एक महिला अपने खेत पर गई थी, कुछ ही देर बाद महिला पास ही बह रही यमुना नदी के पास गई और छलांग लगा दी। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया तत्काल परिजन भी खेत पर पहुंच गए। महिला के यमुना में कूदने की खबर से दर्जनों ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए ग्रामीणों ने यमुना में कांटा डालकर महिला की काफी तलाश की लेकिन महिला का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस भी गोताखोरों द्वारा महिला की तलाश में जुटी है।

## फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने उपमुख्य मंत्री को सौपा मांग पत्र



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिभूषण सिंह के निदेर्शानुसार प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने फार्मासिस्टों के प्रतिनिधिमंडल के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी से लखनऊ में उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपमुख्यमंत्री को फार्मासिस्टों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार ने बताया कि देश में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की सबसे बड़ी रीढ़ फार्मासिस्ट है, आज देश में 18 लाख फार्मासिस्ट पंजीकृत है उनमें से 8 लाख फार्मासिस्ट बेरोजगार है, झोला छाप डॉक्टरों से मुक्ति के लिए फार्मासिस्ट ही सबसे बड़े विकल्प है जो देश में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर सकते है, प्रदेश अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री के सामने सीएचओ की भर्ती में फार्मासिस्टों को सम्मिलित किए जाने, शेड्यूल के को समाप्त करने, होलसेल पर फार्मासिस्टों को अनिवार्य किए जाने के मुद्दे को उठाया।

# पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलने का किया प्रयास

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी कार्यालय पर मंगलवार सुबह जमीन के मामले में न्याय न मिलने से आहत पीड़िता ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालने का प्रयास करने लगी तो सुरक्षा में तैनात पुलिस कार्मियों ने उसे पकड़ लिया। पीड़िता की फरियाद सुनकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तत्काल कार्यवाही करने का भरोसा दिया। उक्त घटनाक्रम के दौरान जिलाधिकारी ऑफिस में मौजूद नहीं थे वह आगरा बैठक में भाग लेने गए हुए बताया जाता है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि उसके कुछ परिजन और गाँव वालो ने खेत पर कब्जा कर लिया है।

बताया जाता है कि वृन्दावन के धौरेरा अहिल्यागंज की रहने वाली राजकुमारी मंगलवार को अपने 2 बच्चों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। जहां उसने हंगामा किया और अपने साथ लाए ज्वलनशील पदार्थ को अपने ऊपर डालने का प्रयास करने लगी। महिला वहां रोने बिलखने लगी और कहने लगी उसके साथ अन्याय हो रहा है। महिला का आरोप है कि उसके परिवार के और गांव के लोगों नें उसके खेत की जमीन पर कब्जा कर लिया है जिसको लेकर वह 8 महीने से अधिकारियों के चक्कर लगा रही है लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही। पीड़िता के हंगामे को देख पुलिस वहां पहुंच गई और उसे समझा बुझाकर शांत किया।

बच्चों के साथ पहुंची महिला के द्वारा हंगामा करते देख वहां मौजूद पुलिस कर्मियों के हड़कंप मच गया। पुलिस कर्मी राजकुमारी को समझाने बुझाने में जुट गए। पुलिस कर्मियों ने उसके पास मौजूद ज्वलनशील पदार्थ को उससे छीन लिया। जिलाधिकारी के ऑफिस पहुंची राजकुमारी ने कहा उसके खेत को परिजन और गांव के लोग उसे नहीं करने दे रहे। वह पिछले 8 महीने से पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से गुहार लगा रही है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही।

# गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय वाहन दो चोरों का किया पदार्फाश

**वेलकम इंडिया /हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान की पुलिस टीम ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के इन दोनों सदस्यों ने हरियाणा उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चोरी की गई थी मोटरसाइकिलें, गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने इस गिरोह से एक दर्जन मोटरसाइकिले ओर अवैध असलहा भी बरामद किया है।

फर्जी नंबर प्लेट बदलकर उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे आरोपी, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पुत्र सतपाल निवासी ग्राम नित्यानंदपुर उर्फ मितापुर थाना किठौर जनपद मेरठ और सोवीर उर्फ पप्पू पुत्र आजादवीर निवासी धनपुरा थाना सिंभावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है, इनके कब्जे से पुलिस ने चोरी की गई एक दर्जन मोटरसाइकिलें ओर अवैध असलहा भी बरामद किया हैं, जिनमें हरियाणा उत्तर प्रदेश और आसपास के जनपदों की बाइकें शामिल हैं। गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह ने बताया कि ये दोनों आरोपी शातिर किस्म के वाहन चोर अपराधी है, जो लंबे समय से वाहन चोरी की घटनाओं में शामिल थे, दोनों आरोपियों पर हापुड़ ओर मेरठ में काफी मुकदमे पहले से पंजीकृत है और अलग-अलग जनपदों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते आ रहे थे। गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार बालियान ने वाहन चोर गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार जांच और निगरानी की।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए दोनों शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.इसके साथ ही गढ़ पुलिस ने चोरी की गई बाइकें बरामद कर उनके मालिकों को वापस करने की प्रक्रिया बहुत जल्द पूरी होने वाली है।

# कल्याणं करोति द्वारा नि:शुल्क दिव्यांग जाँच एवं परीक्षण शिविर

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** कल्याणं करोति द्वारा संचालित कृत्रिम अंग निर्माण एवं पुनर्वास केन्द्र ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सौजन्य से निःशुल्क दिव्यांग जाँच एवं परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से सायं 4:00 बजे तक आसरा केन्द्र, कल्याण धाम, मसानी दिल्ली मार्ग, सरस्वती कुंड, मथुरा में संपन्न हुआ।शिविर का शुभारम्भ भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर निदेशक श्री ब्रजेश शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक श्री ब्रजेश शर्मा ने कहा कि कल्याणं करोति का उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक किसी प्रकार की कमी या असुविधा के कारण पीछे न रह जाएँ। सहायक उपकरण केवल साधन नहीं, बल्कि लाभार्थियों के लिए आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन की राह खोलने वाले माध्यम हैं। अनेक जीवनों में सकारात्मक परिवर्तन लाना हमारा सामाजिक दायित्व है, और हम आगे भी इसी भावना से ऐसे शिविर निरंतर आयोजित करते रहेंगे।

शिविर में कुल 165 दिव्यांगजनों का ओपीडी पंजीकरण किया गया तथा चिकित्सीय जाँच के उपरान्त 257 सहायक उपकरणों हेतु पात्र लाभार्थियों का चयन किया गया। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल 82, व्हीलचेयर 15, कानों की मशीन 35, ट्राइसाइकिल 15, बैसाखियाँ 60, स्टिक 30, एल-एस बेल्ट, नी ब्रेसेस एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण चयनित लाभार्थियों को निर्धारित कार्यक्रम में उपकरण प्रदान किए जाएंगे।

# जेल काटकर लौटे आरएनडी नेता के भाई गिरफ्तार, किठौर में पुरानी रंजिश फिर ज़िंदा



**वेलकम इंडिया**

**मेरठ।** किठौर कस्बे में उस वक्त माहौल गर्म हो गया, जब राष्ट्रीय लोक दल (आरएनडी) के ज़िलाध्यक्ष मतलूब गौड़ के भाईयों की जेल से रिहाई हुई। इनके जानिसार समर्थकों ने देर शाम एक शानदार जुलूस निकाला और जमकरआतिशबाजी की।?इस सरगर्मी से सड़क पर लंबा ट्रैफि क जाम लग गया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और भीड़को तितर-बितर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में 15 लोगों को हिरासत में लिया है। कस्बे में आरएनडी ज़िलाध्यक्ष मतलूब गौड़ और पूर्व कैबिनेट मंत्री व सपा विधायक शाहिद मंजूर के दरमियान एक तवील अर्से से सियासी खींचतान चल रही है।

?साल 2003 में मतलूब गौड़ के भाइयों पर शाहिद मंजूर के परिवार पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा था।अदालत ने फारूक, कल्वा, मारूफ और नदीम समेत 6 दोषियों को छह-छह साल की सजा सुनाई थी।?सोमवार को फारूक, कल्वा, मारूफ और नदीम की जमानत होने पर जेल से बाहर आए।

?उनके समर्थकों ने दर्जनों गाड़ियों में सवार होकर मवाना रोड पर जुलूस निकाला, जिसमें जमकर नारेबाजी और आतिशबाजी की गई।जाम की सूचना पर पुलिस मौके पर' पहुंची और समर्थकों को 'समझाने की कोशिश की, लेकिन जब वे बाज नहीं आए, तो पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें खदेड़' दिया।?एसपी देहात अभिजीत कुमार ने बताया कि इस मामलेमें 15 आरोपियों को गिरफ़्तार किया गया है और 8 गाड़ियों को सीज किया गया है।

# सैकड़ों गोवंश के हत्यारों को सजा दिलाने वाले अधिवक्ता को राष्ट्र चेतना मिशन ने किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** 119 गौवंशों की हत्या के 20 साल पुराने मामले में 25 आरोपियों को कठोर सजा दिलाने वाले एडीजीसी योगेश कुमार को राष्ट्र चेतना मिशन के कार्यकताओं ने कार्यालय में विशेष अभिनंदन कर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि 2005 में कोतवाली देहात क्षेत्र के गाँव अकबरपुर कमालपुर के बागों में भारी संख्या में गौवंशों की सामूहिक हत्या के मामले में एडीजे अष्टम गैंगस्टर कोर्ट से 25 गौकशी आरोपियों को 7-7 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।इस बहुचर्चित मामले की सन 2020 से पैरवी कर रहे एडीजीसी योगेश कुमार के विशेष प्रयासों के लिए सामाजिक संस्था राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय में पहुंचकर फूलमाला एवं भगवा अंगवस्त्र पहनाकर एवं भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुष्पवर्षा कर विशेष अभिनंदन कर आभार व्यक्त किया।

संस्था के अध्यक्ष हेमन्त सिंह ने कहा कि सनातनी हिंदुओं की आस्था के प्रतीक तथा कानूनी तौर पर प्रतिबंधित सैकड़ों गौवंशों की हत्या कर पूरे जिले का सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने की साजिश को असफल कर पुलिस प्रशासन और न्यायपालिका ने कानून व्यवस्था का सख्ती से पालन कर गौहत्यारों को सजा दिलाई है।

# डीएम की अध्यक्षता में तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने के संबंध में स्थानीय काश्तकारों के साथ बैठक हुई आयोजित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री द्वारा तामेश्वरनाथ धाम भ्रमण के दौरान तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने की घोषणा के क्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा विगत दिनांक 16.11.2025 (रविवार) को तामेश्वरनाथ धाम परिसर में काश्तकारों/प्रभावितों के साथ बैठक की गई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त व राजस्व) जयप्रकाश उपस्थित रहे।

बैठक में काश्तकारों द्वारा भूमि विक्रय करने हेतु आम सहमति दी गई। उक्त के संबंध में उप जिलाधिकारी खलीलाबाद ने बताया है कि समस्त काश्तकरों से सहमति प्राप्त कर भूमि के क्रय का प्रस्ताव लागत सहित एक सप्ताह में पर्यटन निदेशालय द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जानी है।

उन्होंने बताया कि उक्त के संबंध में यदि किसी काश्तकार को यदि किसी प्रकार की आपत्ति/सुझाव हो तो सम्बन्धित उप जिलाधिकारी/जिलाधिकारी कार्यालय सन्त कबीर नगर में एक सप्ताह के अन्दर दिया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 26 मई 2025 को तामेश्वरनाथ धाम भ्रमण के दौरान तामेश्वरनाथ धाम कारीडोर बनाए जाने की घोषणा की गई। पर्यटन विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में उक्त योजना को अनुमोदित किया गया है। कार्यदायी संस्था सी0एण्डडी0एस0 जल निगम इकाई संतकबीरनगर द्वारा कारीडोर का प्रस्ताव वास्तुविद छत्रछाया आर्किटेक्चरल स्टूडियो, लखनऊ के माध्यम से तैयार कराया गया, जिसमें स्थल पर कारीडोर निर्माण हेतु राजस्व विभाग एवं वास्तुविद द्वारा आवश्यक भूमि का सर्वे कार्य पूर्ण किया गया है।राजस्व विभाग व वास्तुविद के प्रारंभिक डिजाइन के अनुसार कुल 21500 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता बताई गई है। जिसके क्रम में लेखपाल द्वारा कुल भूमि 2346 हेक्टेयर चिन्हित कर ली गई है। जिसमें से निजी काश्तकारों से क्रय की जाने वाली भूमि कुल दो गाटों में 0.765 हे0 है जिसमें काश्तकारों की भूमि गाटा सं0 382/757क/0.063हे0, 382/757मि0 0.09980 382/7577/0.181,382/757मि/0. 063 382/757/0.134 हे0 कुल रक्बा 0.540 हे0 में से 0.276 हे0 तथा 389 क/2.16380, 389ख/0.026 हे0 3897/0.203 हे0 3891/0305 हे0 3893/0.103 हे0 389च/0.101 हे0 कुल रक्बा 3.575 हे में से 0.489 हे0 दोनो गाटे से कुल 0.765 हे0 है तथा कुल कास्तकारों की संख्या 433 है तथा उक्त कॉरिडोर में कुल 5 गाटे सरकारी भूमि जिसका कुल रकबा 1.581 हेक्टेयर है।जिसमें से पांचो गाटे सरकारी भूमि रविदास मंदिर राम जानकी मंदिर पोखरा के नाम अंकित है।

उप जिलाधिकारी ने बताया कि राम जानकी मंदिर का कोई सरवराकार अभिलेख में दर्ज नहीं है तथा पूर्व से ही इन गाटों में राम जानकी मंदिर में पर्यटन विभाग की योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य गतिशील है। सरकारी भूमि का पुर्नग्रहण प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। निजी भूमि क्रय करने हेतु राजस्व टीम व काश्तकारों के मध्य भूमि क्रय करने हेतु कार्यवाही की जा रही है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरुण वर्मा, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण सहित संबंधित राजस्व अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## खूनी वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**कांधला।** कस्बा निवासी महिला की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में परिजनों ने थाने में पहुंचकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले में गंभीरता दिखाते हुए आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।कस्बे के मोहल्ला रायजादगान निवासी बिट्टू सैनी की पत्नी अंजलि कई दिन पूर्व दिल्ली रोड स्थित गांव जसाला के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।उपचार के दौरान गत सोमवार को उनकी मौत हो गई।पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार कर दिया।मंगलवार को शोकग्रस्त परिजन थाने पहुंचे और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने परिजनों को न्याय का आश्वासन देते हुए वाहन चालक की खोज शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है, जल्द ही आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पालड़िछिना-कनगाड़छीना मोटर मार्ग को पूरा करने की मांग को लेकर विधायक से मिले क्षेपं सदस्य फतेह सिंह

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर।** लम्बे समय से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र सिंह करायत के नाम से स्वीकृत पालड़िछिना-जैनकरास कनगाड़छीना मोटर मार्ग के निर्माण को पूरा करने को लेकर आंदोलन करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी और क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह सड़क को जल्द कनगाड़छीना मिलाने, अधूरे पड़े मोटर मार्ग का निर्माण कराने की मांग को लेकर लगातार प्रयासरत हैं।पूर्व में आमरण अनशन के बाद जल्द मोटर मार्ग का निर्माण पूरा करने के आश्वासन मिलने के बाद भी सड़क निर्माण पूरा नही होने से क्षेपं सदस्य ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी करने, और वादाखिलाफी करने के आरोप लगाए है।वही गत माह क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से जल्द सड़क निर्माण पूरा करने की गुहार लगाई थी।वही उन्हें ज्ञापन देकर जल्द किए हुए वायदे को पूरा नही करने पर जनहित के लिए पुनः आमरण अनशन करने की चेतावनी दी थी।वही आश्वासन के एक माह बाद सड़क निर्माण हेतु कोई कार्रवाई नही होने पर क्षेपं सदस्य फतेह सिंह ने जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे से मुलाकात कर अपनी समस्याओं का ज्ञापन भेजा।जिसके बाद डीएम के निर्देश पर अधिकारी क्षेत्र भृमण पर पहुंचे।जिसके बाद लोनिवि अधिकारियों द्वारा स्थानीय विधायक से सर्वे और स्वीकृति पत्र भेजने की बात कही।जिसके बाद उन्होंने इसी आशय का ज्ञापन सौंपते हुए जल्द सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## सार संक्षेप

### प्रख्यात सन्त स्वामी गीतानंद महाराज भिक्षु:₹ का 21वां पुण्य तिथि महोत्सव 23 नवम्बर को

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन।** गांधी मार्ग स्थित श्रीगीता आश्रम में मुमुक्षु मंडल (रजि.) के तत्वावधान में प्रख्यात सन्त श्रीस्वामी गीतानंद महाराज ₹भिक्षु:₹ का 21वां पुण्य तिथि महोत्सव 23 नवम्बर 2025 को अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए पूज्य महाराजश्री के परम् भक्त ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि महामण्डलेश्वरों स्वामी डॉ. अवशेषानंद महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में प्रातः 10 बजे से 11:30 बजे तक श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी।जिसमें देश के कई प्रख्यात सन्त, विद्वान, धमार्चार्य, राजनेता एवं समाजसेवी आदि महाराजश्री का स्मरण कर अपनी श्रद्धांजलि एवं भावांजलि अर्पित करेंगे।तत्पश्चात महामण्डलेश्वरों व श्रीमहन्तों का सम्मान होगा।इसके अलावा मध्याह्न 12 बजे से सन्त, ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारा आदि के कार्यक्रम संपन्न होंगे।जिसमें असंख्य व्यक्तियों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराकर उन्हें ऊनी वस्त्र प्रदान किए जाएंगे।

### एससी महिला के घर घुसकर मारपीट राष्ट्रीय आयोग से न्याय की गुहार

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुर घसौली में अनुसूचित जाति की एक महिला के साथ मारपीट, अभद्रता और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़िता ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को शिकायत भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी महिला माया पत्नी संजीव ने बताया की गत सात नवंबर की शाम वह अपने घर पर बच्चों के साथ अकेली थी। उसी दौरान नरेंद्र उर्फ मोटा निवासी मुरथल अपने कई साथियों के साथ जबरन घर में घुस आया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने महिला का दुपट्टा खींचकर अभद्रता की और उसके साथ जातिसूचक टिप्पणियां कीं।पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने धमकी देते हुए कहा कि अगर अपने पति तिलकराम को नहीं बोलोगी तो तुम और तुम्हारे बच्चों को जान से मार देंगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए।महिला ने बताया कि आरोपितों की दबंगई से उसका परिवार भयभीत है और किसी भी समय गंभीर घटना हो सकती है। महिला ने राष्ट्रीय आयोग और जनपद के उच्च अधिकारियों से आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# मंच के माध्यम से छात्राओं को प्रतिभा निखारने का मिल रहा मौका : संजीव सिंह गौतम

वेलकम इंडिया/संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के खालिसपुर गांव स्थित जीवा इंटरनेशनल स्कूल में संकुल लेडुवाई के अंतर्गत काशी सांसद सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया।कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम व विशिष्ट अतिथि जिलाउपाध्यक्ष अरविंद पटेल द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस दौरान छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों के साथ फिल्मी गीतों पर नृत्य किया गया व कुछ छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ से लेकर अन्य कई तरीके का नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम में टोटल 194 छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम ने कहा कि मंच के माध्यम से ग्रामीण कलाकारों, विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को प्रतिभा निखारने का मौका मिल रहा और ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारना, उन्हें लोकप्रिय बनाना आयोजन का मुख्य उद्देश्य है।काशी की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का प्रदर्शन, संरक्षण और प्रसार करना बहुत ही जरूरी है।वही जीवा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक विनोद तिवारी द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि समेत आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया।इस अवसर पर भाजपा नेता संजय मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी, योगेश सिंह, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', अध्यापक रामकुमार अवस्थी, तेज बहादुर शुक्ला, राजेन्द्र कुमार, गोलू यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शिक्षक संकुल बैठकों का शानदार सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** ब्लॉक टाण्डा-भगतपुर की समस्त न्याय पंचायतों में मंगलवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार के निर्देशन में मासिक शिक्षक संकुल बैठकें आयोजित की गईं।इन बैठकों में बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व निपुण भारत मिशन को गति देने पर विशेष जोर दिया गया।

न्याय पंचायत रानी नांगल की संकुल बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय ठिरियादान में आयोजित हुई। बैठक शुरू होने से पहले शिक्षक संकुलों ने एजेंडा बिंदुओं को आपस में बांटकर सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया।शिक्षकों को संदर्शिका, प्रिंटरिच सामग्री, किट्स और तालिकाओं जैसी शैक्षणिक सामग्री का कक्षा-शिक्षण में अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

वरिष्ठ शिक्षक संकुल एवं न्याय पंचायत प्रभारी मोहम्मद आकिल चौधरी, शिक्षक संकुल मोहसिन अख्तर व सुभाष सागर ने शिक्षकों को अवगत कराया कि निपुण आकलन दो चरणों; दिसंबर और फरवरी में सभी प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में अध्ययनरत पंजीकृत बच्चों का होगा। यह आकलन डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा किया जाएगा।एक प्रशिक्षु एक दिन में दो विद्यालयों का आकलन कर सकेगा। सभी प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रेरणा पोर्टल पर बच्चों के नामांकन की स्थिति जांच लें। यदि कोई बच्चा दिव्यांग है तो उसे समर्थ पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत कराएं।

बैठक में वरिष्ठ शिक्षक करनपाल सिंह, मोहम्मद लाइक सैफी, मोहम्मद अली,श्रीपाल सिंह,प्रेम सिंह, विश्वेश्वरी, शालिनी रस्तोगी,अर्चना भटनागर, कावेरी भटनागर, सुगंधबाला,सविता तिवारी और चंचल सिंह आदि मौजूद रहे।

# गन्ने के अवशेष जलाने पर किसान पर जुर्माना

वेलकम इंडिया

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव भारसी में गन्ने की फसल के अवशेष जलाने के मामले में प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई ने किसानों में असंतोष पैदा कर दिया है। खेत में गन्ने की कटाई के बाद अवशेष जलाए जाने की जानकारी सेटेलाइट मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा पकड़ी गई, जिसके आधार पर किसान पर 5 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की कार्रवाई को लेकर किसानों में रोष बना हुआ है।

क्षेत्र के गाव भारसी निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र पदम सिंह, ने गन्ने की कटाई के बाद फसल के अवशेष जलाए थे। सेटेलाइट द्वारा खेत में आग की पुष्टि होने पर मामले की सूचना विभागीय अधिकारियों को दी गई। सूचना के बाद लेखपाल मिंटू कुमार और प्राविधिक सहायक विशु कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने खेत का निरीक्षण कर अवशेष जलाए जाने की पुष्टि की। इसके बाद पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार कैराना अर्जुन सिंह को भेजी गई।

तहसील प्रशासन ने रिपोर्ट के आधार पर किसान पर पांच हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया है।इस कार्रवाई के बाद इलाके के किसानों में हड़कंप की स्थिति है। किसानों का कहना है कि कई बार मजबूरी अवशेष जलाने पड़ते हैं, ऐसे में सीधी कार्रवाई करना कठोर कदम है। किसानों का कहना है कि प्रशासन को पहले किसानों को जागरूक करना चाहिए।किस पर लगाए गए जुमार्ने के बाद क्षेत्र के किसानों में प्रशासन के प्रति रोष बना हुआ है।

# नशा युवाओं के जीवन का नाश कर देगी , सचेत रहें अभिभावक : द्विवेदी

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को ए. एच.एंग्री. इंटर कॉलेज दुधारा में नशा मुक्ति अभियान पर सेमिनार का आयोजन किया गया। बच्चों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक मोहम्मद इश्तियाक अंसारी व संचालन अखिलेश कुमारी ने किया। प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने कहा कि युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। नशा युवाओं के जीवन का नाश कर देगी। नशे को लेकर शिक्षक व अभिभावकों को सचेत रहना होगा। नशा स्वास्थ्य, परिवार और आर्थिक स्थिति को खतरे में डाल सकती है।

उन्होंने कहा कि नशा के सेवन से कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां होती है जैसे मुंह का कैंसर, लीवर का खराब होना, फेफड़े का कैंसर, दिल का कैंसर इत्यादि हो जाता है। नशा मुक्ति के लिए शिक्षा, जागरूकता, और सही दिशा-निर्देशन की आवश्यकता है। नशा मुक्ति से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है जो समृद्धि, सुरक्षा और सामाजिक ताकत को बढ़ावा देगा। व्यक्ति और समाज को नशे की बुराई से मुक्त करना है।

उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति का महत्व न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन के लिए है, बल्कि समाज के विकास के लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। नशे का सेवन समाज में अपराध, गरीबी, और परिवारों के टूटने की प्रमुख वजह है। नशे के कारण मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बिगाड़ देते हैं। यह व्यक्ति के व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन को भी प्रभावित करता है और उनके संबंधों को भी क्षति पहुंचाता है। संजय द्विवेदी ने कहा कि नशा जीवन का नाश कर देती है। इसलिए युवाओं को धूम्रपान से दूर रहना चाहिए।

इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनूस, मुहम्मद शाहिद, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, जुबेर अहमद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, जुनेद अहमद, हकीमुल्लाह, अखिलेश कुमारी, मुहम्मद जाहिद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद, आरिफ अली सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# चोरी के जेवरात व नगदी के साथ दो गिरफ्तार , भेजे गए जेल

वेलकम इंडिया




**मिजार्मुराद कछवारोड़।** मिजार्मुराद पुलिस ने मंगलवार को चोरी के जेवरात व नगदी के साथ दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दी।घटना की खुलासा मिजार्मुराद थाना परिसर में एसीपी (राजातालाब) अजय कुमार श्रीवास्तव व मिजार्मुराद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पांडेय ने करते हुए दोनों चोरों को मीडिया के सामने पेश किया।एसीपी राजातालाब ने बताया कि बीते शनिवार की दोपहर में भिखारीपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त फौजी ज्ञान प्रकाश यादव के निमार्णाधीन मकान में चोरों द्वारा नगदी समेत लाखों जेवरात चोरी कर लिया गया था। मिजार्मुराद पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल में जुटी थी तभी मंगलवार की सुबह मुखबिर द्वारा सूचना मिला कि नागेपुर से बेनीपुर जाने वाले मार्ग पर एक मंदिर के पास से चोरी के माल के साथ दो लोग मौजूद है।जिसपर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर बेनीपुर सबलपुर (मिजार्मुराद) निवासी आशीष कुमार यादव उर्फ शुभम कुमार यादव व भिखारीपुर (मिजार्मुराद) निवासी रामदुलार उर्फ राजू राजभर को गिरफ्तार करते हुए 1 सोने की अंगूठी, 3 सोने का कान का झाला, 1 सोने का हार व 25 हजार 800 बरामद कर लिया।पुलिस ने बताया कि रामदुलार उर्फ राजू बीते चार महीने पूर्व ज्ञानप्रकाश यादव के मकान का ठेका लेकर मकान बनवा रहा था उसी समय आते जाते समय उसके द्वारा रैकिंग किया गया था शनिवार को जब ज्ञानप्रकाश ड्यूटी चले गए और उनकी पत्नी पढ़ाने चली गई तभी दोनों मौका पाकर मकान में घुसे और कमरे का ताला तोड़कर अंदर जाने के बाद आलमारी खोलकर नगदी समेत गहने चुरा ले गए थे।मिजार्मुराद पुलिस ने लिखा पढ़ी करने के बाद दोनों को जेल भेज दी।

एसीपी ने बताया कि चोरी का खुलासा 72 घंटे के अंदर कर देने पर मिजार्मुराद पुलिस टीम को उचित इनाम दिया जाएगा।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मिजार्मुराद थाना प्रभारी के साथ चौकी प्रभारी खजुरी विवेकानंद द्विवेदी, एसआई साबिर खान, अविनाश सिंह, कांस्टेबल जितेन्द्र कुमार व रामाश्रय सरोज रहे।

# भक्ति-ज्ञान-वैराग्य के मूर्तिमान स्वरूप थे ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज : ब्रह्मर्षि रमेश भाई ओझा

वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन।** मोतीझील क्षेत्र स्थित आनन्द वृन्दावन (अखंडानंद आश्रम) में आनंद वृन्दावन चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज के 38वां अष्ट दिवसीय आराधन महोत्सव विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत आनंद वृन्दावन के अध्यक्ष स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज के द्वारा देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को सप्त-दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा श्रवण कराई गई।इसके अलावा सन्त बिहारीदास भक्तमाली महाराज के द्वारा पंच-दिवसीय श्रीभक्तमाल की कथा का रसास्वादन कराया गया।

इस अवसर पर आयोजित सन्त-विद्वत सम्मेलन में अपने विचार व्यक्त करते हुए ब्रह्मर्षि रमेश भाई ओझा ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज भक्ति-ज्ञान-वैराग्य के मूर्तिमान स्वरूप थे।उन जैसी पुण्यात्मायें इस पृथ्वी पर कभी-कभार ही अवतरित होती हैं।यदि हम लोग उनके किसी एक गुण को भी अपने जीवन में धारण कर लें, तो हमारा कल्याण हो सकता है।

महामंडलेश्वर कार्ष्णि स्वामी गुरुशरणानन्द महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन को सार्थक बनाने के लिए हमें सदगुरुदेव की शरण में जाना चाहिए।जिस प्रकार बिना नौका के नदी पार नहीं हो सकती, उसी प्रकार बिना सदगुरु के संसार रूपी भवसागर पार नहीं हो सकता है। आनंद वृन्दावन के अध्यक्ष महंत स्वामी श्रवणानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि हमारे सदगुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज समस्त धर्म ग्रंथों के प्रकांड विद्वान थे।उनके प्रवचन श्रवण करने के लिए समूचे देश के संत व धर्मावलंबी समय-समय पर उनके आश्रम में आया करते थे।

स्वामी प्रणवानंद सरस्वती महाराज एवं प्रख्यात साहित्यकार ₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी अखंडानंद सरस्वती महाराज अत्यंत सेवाभावी संत थे।उनके द्वारा स्थापित विभिन्न सेवा प्रकल्प आज भी आनंद वृन्दावन में पूर्ण समर्पण के साथ संचालित हो रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने तहसील कपकोट में तहसील दिवस में लगाया जनता दरबार

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर।** गोविन्द मेहताए जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा कपकोट में तहसील दिवस में पहुंचकर स्थानीय विधायक सुरेश गढ़िया के साथ जनसमस्याएं सुनी। इस दौरान डीएम और विधायक ने लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से सुनते हुए लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया।डीएम आकांक्षा ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए।

जनता दरबार के माध्यम से 45 समस्याओं का तत्काल निराकरण किया साथ ही डीएम और विधायक ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निमार्णाधीन बड़ेत और किरौली मोटर मार्ग में कटी नाप भूमि के मुआवजे के चैको का वितरण भी किया। सरकार द्वारा जनता दरबार के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुँचानेए पारदर्शी प्रशासन को मजबूत करने और क्षेत्रीय विकास को गति देने पर विशेष बल दिया गया।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के समाधान में देरी न हो तथा सभी विभाग नियमित रूप से शिकायत पंजीकरण संधारित कर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में मुख्यतरू स्वास्थ्यए सड़कए विद्युतए कनेक्टिविटीए जलापूर्तिए पुल निर्माणए भूमि प्रबंधन एवं अन्य मूलभूत समस्याए दर्ज हुई। प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि कपकोट आपदा.प्रभावित क्षेत्र हैए अतः आपदा संबंधी सभी प्रस्ताव समय से जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी को भेजे जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर प्रॉजेक्ट डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड में हो तो ठेकेदार की जिम्मेदारी तय की जाए। आपदा से संबंधित कोई भी क्षतिपूर्ति लंबित न रखी जाएए तथा किसी ठेकेदार द्वारा जनहित कार्यों में बाधा स्वीकार्य नहीं होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि सर्वे के आधार पर किसी भी पात्र वव्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी न होए साथ ही अधिकारियों के फील्ड में सक्रिय रहने के आदेश भी दिए। जिलाधिकारी ने सभी योजनाओं के 100: बोर्ड सुनिश्चित करके एक माह के भीतर पुष्टि प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि कपकोट आपदा प्रभावी क्षेत्र होने के कारण अधिकारियों को दुगुनी मेहनत से कार्य करना होगा। जनता दरबार मे जिलाधिकारी द्वारा बीएसएनएल एसटीओ के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विशाखा खेतवालए नगर पंचायत अध्यक्ष गीता ऐठानीएपुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के सीडीओ आर सीण तिवारीएपूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोहर रामए गोविंद कोरंगा उप ज़िलाधिकारी अनिल चन्याल सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का आरोप, एसपी से न्याय की गुहार

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी ग्रामीण ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर अपने ही परिवार के कई लोगों पर आग लगाने और पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी ग्रामीण नसीम ने एसपी शामली एनपी सिंह को भेजें गए अपने पत्र में बताया कि गत 26 अगस्त को पारिवारिक विवाद के दौरान उसके पिता, भाई, भाभी और बहन ने उस पर व उसकी छोटी बेटी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी थी। घटना में दोनों गंभीर रूप से झुलस गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह लंबे समय से अपना उपचार करा रहा है और कई माह के बाद चलने फिरने की स्थिति में आया है।पीड़ित ग्रामीण का कहना है कि थाने में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद तीन महीने बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की गई।

# रिपीट ब्रीडिंग समस्या से दुग्ध उत्पादन प्रभावित

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** दुधारू पशुओं की दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने हेतु कर्षि वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र काफलीगैर के वैज्ञानिकों ने नवाचार कर दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने में सफलता पायी है।जिले में दुधारू पशुओं विशेषकर संकर नस्ल की गायों में रिपीट ब्रीडिंग की समस्या लगातार बढ़ रही है। तीन या अधिक बार गभार्धान के बाद भी गर्भ ठहराव न होने की यह समस्या न सिर्फ दूध उत्पादन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशुपालकों की आय में भी बड़ी कमी ला रही है। इसी गंभीर समस्या के समाधान के लिए कृषि विज्ञान केंद्र काफलीगैर ने एक महत्वपूर्ण परीक्षण कर प्रभावी उपचार के विकल्प प्रस्तुत किए हैं।

कृषि विज्ञान केन्द्र के विषय-वस्तु विशेषज्ञ डा. नवल किशोर सिंह ने बताया कि निषेचन में असफलता, भ्रूण की प्रारंभिक मृत्यु, अण्डोत्सर्जन में गड़बड़ी, बचेदानी में सूजन, संक्रमण, पोषणीय कमी और पर्यावरणीय तनाव रिपीट ब्रीडिंग के प्रमुख कारण हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह समस्या स्थानीय नस्लों की तुलना में संकर व उन्नत नस्लों में अधिक पाई जा रही है। रिपीट ब्रीडिंग से ग्रसित कुल 60 संकर गायों को तीन समूहों में बांटकर 30 दिनों तक परीक्षण किया गया।

पहला समूहः परंपरागत कृषक विधि (चोकर व नमक) दूसरा समूह कृमिनाशक दवा, 20 दिन तक खनिज मिश्रण व पोषणपूरक बोलस, 21 दिन बाद प्रजना कैप्सूल तीसरा समूह कृमिनाशक दवा, अंकुरित चना, हल्दी, 20 दिन खनिज मिश्रण तथा दो दिन जायफल। दूसरे समूह में सर्वाधिक सुधार देखा गया। परीक्षण में स्पष्ट पाया गया कि दूसरा तथा तीसरा उपचार दोनों कारगर हैं, लेकिन दूसरा उपचार सबसे प्रभावी सिद्ध हुआ।

कृषि विज्ञान केन्द्र के अनुसार पशुपालक अपनी उपलब्धता व सुविधा के अनुसार दूसरे या तीसरे उपचार को अपनाकर संकर नस्ल की गायों में रिपीट ब्रीडिंग की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित कर सकते हैं। इससे दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी और पशुपालकों की आय भी बेहतर होगी।

# कैंट पुलिस ने अंतरजनपदीय शातिर वाहन चोर को बाइक के साथ किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** पुलिस आयुक्त कमिश्नेरट वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम में पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन व सहायक पुलिस आयुक्त सर्किल कैण्ट कमिशनरेट वाराणसी के पर्यवेक्षण मे अपराधियों के विरुद्ध ₹जीरो टालरेन्स₹ की नीति अपनाते हुए कठोर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने तथा अभियोगों में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट शिवाकांत मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा आपरेशन चक्रव्यूह के तहत चेकिंग में अंतरजनपदीय शातिर वाहन चोर को एक अदद चोरी की मोटरसाईकल के साथ 18 नवम्बर मंगलवार को फुलवरिया चंडिका माता मंदिर तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया कैंट पुलिस के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तार अभियुक्त का नाम विनय तिवारी पुत्र प्रदीप तिवारी निवासी सी 5/16 तेलियाना चेतगंज थाना चेतगंज कमिशनरेट वाराणसी उम्र 24 वर्ष है। अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे शिवाकान्त मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट,महिला उप निरीक्षक दीक्षा पाण्डेय चौकी प्रभारी फुलवरिया,उप निरीक्षक शान्तनु मिश्रा,कांस्टेबल अनुज कुशवाहा सहित कैंट थाना कमिशनरेट वाराणसी की पुलिस टीम शामिल रही।

# विकास खंड सेवापुरी में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** सांसद आदर्श ग्राम पंचायत पुरे,विकास खंड सेवापुरी में प्रखर कुमार सिंह मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना और उसका त्वरित निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित कियो जल जीवन मिशन अंतर्गत 12 जगह लीकेज की समस्या संज्ञान में आने पर संबंधित अवर अभियंता जल निगम को एक सप्ताह के अंदर सभी लीकेज को ठीक कराकर सूचित करने के निर्देश दिए गऐ चौपाल के दौरान 22 कृषकों की फॉर्म रजिस्ट्री बनाई गई और जो भी कृषकों की फॉर्म रजिस्ट्री हेतु अवशेष हैं उसको किसानों से पूर्ण करने के लिए अनुरोध किया गयो कार्यक्रम के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी अनुपस्थित पाए गऐ इस पर नाराजी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत सेवापुरी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान अमरावती मौर्य,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष मौर्य, जिला विकास अधिकारी वाराणसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी वाराणसी,उपकृषि निदेशक वाराणसी, जिला कृषि अधिकारी वाराणसी,खंड विकास अधिकारी सेवापुरी के साथ समस्त विभागों के सहायक विकास अधिकारी के साथ ग्रामवासी हरिशंकर विश्वकर्मा मंडल उपाध्यक्ष भाजपा,असलम अली अंसारी, बच्चा लाल मौर्य,समूह सखियो सहित सैकड़ो के किसान उपस्थित रहे।

# बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ के स्लोगन की दृष्टिगत यशवी पाण्डेय के हाथो पंजाब एंड सिंध बैंक के भेलूपुर क्रांसिग ब्रांच का किया गया शुभारम्भ

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** पंजाब एंड सिंध बैंक ब्रांच गुरुबाग जो की अब भेलूपुर क्रॉसिंग ब्रांच में स्थानांतरित हो गया है जिसका शुभारम्भ छह वर्षीय कन्या यशवी पांडेय के हाथों फीता काटकर किया गयो ब्रांच शुभारम्भ के अवसर पर भेलूपुर क्रांसिग ब्रांच के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने कन्या यशवी पाण्डेय को गुलदस्ता देकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित कियो उक्त अवसर पर ब्रांच के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की अब तक वाराणसी में शायद कोई ऐसा ब्रांच का शुभारम्भ किया गया हो जहाँ कन्या के द्वारा ब्रांच का शुभारम्भ हुआ हों आज जो छह वर्षीय कन्या यशवी पाण्डेय ने हमारी भेलूपुर ब्रांच का फीता काटकर शुभारम्भ किया उनके पिता का नाम शिवम पाण्डेय हैं

भेलूपुर क्रांसिंग ब्रांच के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बेटी पढ़ाओ,बेटी बचाओ के स्लोगन की दृष्टिगत छह वर्षीय कन्या के हाथो ब्रांच का शुभारम्भ कराया गया है हमारा विचार है बेटियों को आगे बढ़ने का हमेशा मौका देना चाहिए जिससे उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने में सफलता मिल सके हम काशी के ग्राहकों से अनुरोध करते है की हमारे भेलूपुर ब्रांच में आये और अपना खाता खुलवाएं ग्राहकों के लिए बैंक में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं ब्रांच के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार ने अतिथि एपी सिंह एडीजे, एडवोकेट अनुराग पाण्डेय,ब्राँच के बेस्ट कस्टमर विनय कुमार सिंह को गुलदस्ता देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया वहीं सभी अतिथिगणों ने ब्रांच के प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार को गुलदस्ता देकर किया सम्मानित और ब्राँच के शुभारम्भ की दी बधाई और शुभकामनाएं।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र अलंकार श्री राम राष्ट्रीय कवि रत्न सम्मान - 2025 से हुए सम्मानित



**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** काशी के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेंद्र अलंकार को अयोध्या धाम में आयोजित एक समारोह में श्री राम राष्ट्रीय कवि रत्न सम्मान-2025 से सम्मानित किया गया उन्हें यह सम्मान श्री राम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था,अयोध्या धाम द्वारा उनके विशिष्ट साहित्यिक योगदान और अद्भुत काव्य कौशल के लिए प्रदान किया गयो अयोध्या धाम स्थित उदासीन संगत ऋषि आश्रम में हुए इस सम्मान समारोह में देश भर के 51 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। डॉ महेंद्र अलंकार को संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल और अन्य पदाधिकारियों ने अंगवस्त्र,मुक्ता माला, पदक एवं सम्मान फलक भेंटकर सम्मानित किया।

# 'लिटिल लीजेंड्स लिट आर्ट फेस्टिवल' का तीन- दिवसीय बाल महोत्सव हुआ सम्पन्न




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** तीन-दिवसीय ह्यलिटिल लीजेंड्स लिट आर्ट फेस्टिवल 2025ह्न का शुभारम्भ बाल-दिवस 14 नवम्बर 2025 को 'द ऋषिव लाइफ स्कूल',शुद्धीपुर शिवपुर बाईपास,एयरपोर्ट रोड वाराणसी में आयोजित हुआ जिसकी सम्पूर्ति 16 नवंबर रविवार को अत्यन्त भव्य स्वरूप में हुईं पहले दिन कठपुतली का शो और कथक और शास्त्रीय संगीत,दूसरे दिन साइंस शो,मैजिक शो और ड्रामा 'हमारी धरोहर' का मंचन हुआ उत्सव में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क था उद्घाटन-सत्र का शुभारम्भ अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध चित्रकार सुश्री पद्मिनी मेहता द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप-प्रज्वलन के साथ हुआ।

# नारी शक्ति को बढ़ावा संयुक्त राष्ट्र महिला की 'सृजन' पहल से तीस महिला बुनकर बनेंगी सक्षम उद्यमी

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** हथकरघा उद्योग में महिलाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। बुनकर सेवा केंद्र (डब्ल्यू.एस.सी.) चौकाघाट वाराणसी में ₹थ्रेडस आफ चेंज₹ नाम की तीन दिवसीय कार्यशाला श्रृंखला का शानदार उ?द्घाटन हुओ युनाईटेड नेशन वूमेन-इंडिया की खास 'सृजन' वूमेन अर्टिजन्स आफ चेन्ज-हीअउी परियोजना के तहत शुरू हुई इस पहल का मुख्य मकसद तीस चुनी हुई महिला बुनकरों और छह महिला पर्यवेक्षकों को स्ट्रांग लीडर और कामयाब उद्यमी एंटरप्रेनौर बनाना है यह प्रशिक्षण वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त (हथकरघा) के सहयोग से देश भर की 1000 महिला बुनकरों को ताकत देने के बड़े सरकारी लक्ष्य का हिस्सा है जिसकी शुरूआत वाराणसी से की गई है।

कार्यक्रम का शुभारंभ बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी के कार्यालय प्रमुख/उप निदेशक अशोक कुमार वर्मा द्वारा अतिथियों के सम्मान और स्वागत भाषण के साथ हुओ इस अवसर पर अपर आयुक्त (उ?द्योग) उमेश कुमार सिंह,विशिष्ट अतिथि कांता सिंह (संयुक्त राष्ट्र महिला,कन्ट्री रिप्रजेन्टेटिव),क्षेत्रीय निदेशक,बुनकर सेवा केन्द्र,दिल्ली विशेष नौटियाल और निदेशक आई.आई.एच.टी.डॉ. अमीन नवीनभाई सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामय उपस्थिति रहीं सभी वक्ताओं ने अपने उद्?बोधन में महिलाओं की आत्मनिर्भरता,उन्हें सीधे बाजार से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभउठाने पर विशेष बल दियो क्षेत्रीय निदेशक श्री नौटियाल ने इस बात पर जोर दिया कि यह इन महिलाओं को सक्षम एंटरप्रेनौर के रूप में तैयार करेगा जो 'थ्रेडस आफ चेंज का संदेश हजारों अन्य बुनकर बहनों तक सफलतापूर्वक पहुँचा सकेंगी।

'सृजन' पहल संयुक्त राष्ट्र महिला की तरफ से चलाई जा रही एक खास और समर्थ कार्यशाला है इसका मुख्य काम महिला कारीगरों के हुनर,मेहनत और नेतृत्व क्षमता को दुनिया के सामने लाना है यह पहल उन महिलाओं को पहचान देती है जिनकी मेहनत जिसमे कताई/स्पिनिंग से लेकर बुनाई और बिक्री तक की पूरी प्रक्रिया अभी तक शामिल नहीं है।

# कुढैनी-चिरौरी मार्ग पर भीषण सड़क दुर्घटना

**रामघाट/बुलंदशहर।** जरगवां से कुढैनीझचिरौरी मार्ग पर साइकिल मोटरसाइकिल की भिड़ंत में दो युवक घायल थाना रामघाट क्षेत्र में गत दिन जरगवां से कुढैनी चिरौरी मार्ग पर बाइक व साइकिल सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको राहगीरों ने तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया नीचे दिखाई गई तस्वीर में मोटरसाइकिल सवार युवक को सिर पर गंभीर चोटों के साथ देखा जा सकता है, एक युवक के इलाज के दौरान एक युवक के सिर में लगभग 13 टांके लगे हैं और दूसरे के हाथ में फ्रैक्चर की भी पुष्टि हुई है।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माण में जो भूमिका निभाई वह प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरक

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विधायक वाराणसी कैन्ट सौरभ श्रीवास्तव ने अपने विधानसभा क्षेत्र में ₹एकता यात्रा₹ का आयोजन किया एकता यात्रा में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,प्रदेश के वित्त मंत्री व वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना,महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि,महापौर अशोक तिवारी तिरंगा लिए सबसे आगे चल रहे थे उनके पीछे विभिन्न विद्यालयों के छात्र, छात्राएं,भाजपा कार्यकर्ता आदि अपने हाथों में तिरंगा लिए सरदार पटेल अमर रहे आदि उद्घोषों के साथ प्ले कार्ड लिए यात्रा में सम्मिलित हुऐ यात्रा रामलीला मैदान से प्रारम्भ होकर लंका,अस्सी,शिवाला,सोनारपुरा,भेलूपुर से होते हुए आईपी विजया मॉल पहुंचकर सम्पन्न हुई।

यात्रा से पूर्व रामलीला मैदान पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश? के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर हम सभी कार्यकर्ता विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करते हैं कहा कि इस वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को नया स्वरूप देने के साथ ही जन सहभागिता बढ़ाने तथा आमजनमानस को सरदार पटेल के जीवन चरित्र से अवगत कराने के लिए संगठन ने कार्यक्रमों की वृहद रूपरेखा तैयार की है कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने तय किया है कि भाजपा संगठन जन सहभागिता के साथ बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक और जिले से प्रदेश स्तर तक सरदार वल्लभ भाई पटेल को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कृतज्ञ नमन करेगा।

उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ के साथ ही सरदार वल्लभ भाई पटेल के 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को सरकार का संकल्प बनाकर काम किया कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आधुनिक भारत के निर्माण में जो भूमिका निभाई वह प्रत्येक देशवासी के लिए प्रेरक है सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयास से ही भारत कश्मीर से कन्याकुमारी तक अखंड हुआ अन्यथा छोटे-छोटे राज्य स्वतंत्र होकर देश की सुरक्षा को प्रभावित कर रहे होते हम विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा राष्ट्रहित में किए गए कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्ष में विकास के साथ साथ विरासत को संजोंने का काम हुआ है एक तरफ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों व जरुरतमंदो को मिल रहा है वहीं 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा के बाहर निकाला गया है।

# विकास खण्ड भोजपुर में आयोजित कार्यक्रम में 60 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत मंगलवार को विकास खण्ड भोजपुर परिसर में आयोजित कार्यकम में 60 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि योजनान्तर्गत रू0 25,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, चाँदी की बिछिया व पायल, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 60,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 26. अन्य पिछडा वर्ग के 9, सामान्य वर्ग के 10 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 15 जोड़े कार्यकम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 45 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 15 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत भोजपुर श्रीमती सुचेता सिंह, विधायक मोदीनगर प्रतिनिधि करनवीर सिंह एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य आशीष चौधरी तथा मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद अभिनव गोपाल द्वारा उपस्थित विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद संदीप चौधरी एवं समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, भोजपुर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।

# ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



वेलकम इंडिया

**डिबाई।** उच्च प्राथमिक, संविलियन तथा कस्तूरबा गाँधी स्कूलों में स्काउट गाइड पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व प्रदान करने के उद्देश्य से बी आर सी कार्यालय पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को संपन्न हुई।

सोमवार को कार्यशाला का आरंभ माँ सरस्वती की वंदना और प्रेरणा गीत से हुआ। प्रथम दिवस पर मास्टर ट्रेनर मिली अस्थाना और मेनका आनंद ने परिषदीय विद्यालों के 50 शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रगति के पंख कॉमिक बुक के 12 सत्रों पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न गतिविधियाँ कराईं। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को अरमान मॉड्यूल पर आधारित 9 सत्रों के माध्यम से पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व प्रदान करने उद्देश्यों से शिक्षक बंधुओं को भली भाँति अवगत कराया। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती हेमलता ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षकों को ये प्रशिक्षण गृहण कर अपने अपने स्कूलों के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये प्रयास करने होंगे तभी कार्यशाला के उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सकता है।

उधर प्रतिभागी शिक्षकों ने कार्यशाला की उपयोगिता से परिचित हो कर प्रशिक्षण अवधी को 5 दिवसीय करने का सुझाव भी दिया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिये गये।

# भारतीय सेन समाज का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम के साथ संपन्न



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय सैन समाज रजिस्टर्ड मोदीनगर का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय छतरी वाला शिव मंदिर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर ललित सैन रालोद नेता अध्यक्ष, ललित सेन राजोरिया महासचिव, वीरपाल सेन कोषाध्यक्ष, प्रमोद तंवर एडवोकेट जिला सलाहकार. संजय दयाल एडवोकेट सलाहकार सचिव, अजय सेन पत्रकार सलाहकार सचिव, रामकुमार चौहान संरक्षक, वीरेंद्र सेन संयोजक, अनिल कुमार सेन सामंत कंप्यूटर वाले वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उमेश चंद्र सेन वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिल सेन पेंट जिला अध्यक्ष आदि ने पदाधिकारी के रूप में शपथ ग्रहण की। मंच का संचालन प्रमोद कुमार तंवर एडवोकेट व संजय दयाल एडवोकेट ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल सेन, गिरीश कुमार मथुरिया ने भाग लेते हुए समाज के लोगों से संगठन को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर अमर सिंह सेन, रविंद्र सेन, राजकुमार तंवर, नितिन एडवोकेट, किरण पाल सेन, योगेश राज टायर, अजय सेन, मनोज वर्मा, बृजपाल सेन, के एल राजोरिया आदि सैकड़ों सेन बंधु उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी में ओपन माइक 2025 इंटर-स्कूल प्रतियोगिता का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद में इंटर-स्कूल प्रतियोगिता ओपन माइक 2025 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सृजनशीलता और वाक्पटुता का विकास करना रहा। प्रतियोगिता में गाजियाबाद एवं एनसीआर के विभिन्न स्कूलों की कक्षा 11 व 12 के लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग से आए विद्यार्थियों ने हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों में उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ।कार्यक्रम चार मुख्य श्रेणियों– कविता पाठन, कहानी वाचन, आशु भाषण और अतिरिक्त प्रतिभा में आयोजित किया गया। कविता पाठन परिणामः प्रथम झ कु. नंदनी शर्मा, श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय। द्वितीय कु. बशिका, सुरवीन इंटरनेशनल स्कूल। सांत्वना झ कु. मानवी, सुशीला इंग्लिश कॉलेज। सांत्वना कु. मानवी, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल, दुहाई। आशु भाषण परिणामः प्रथम झ कु. रिद्धिमा चौधरी, सिल्वर शाइन स्कूल। द्वितीय झ श्री ठाकुरद्वारा बालिका विद्यालय। तृतीय झ दीपांशु सिंह, लीलावती रामगोपाल सरस्वती विद्या मंदिर। सांत्वना झ कु. शैली, ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु संस्थान के सलाहकार डॉ. लक्ष्मण प्रसाद, निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा एवं डीन अकादमिक्स डॉ. आर.के. यादव सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल के निर्णय और सहयोग की सराहना की गई। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# दिवंगत डॉ. सतीश त्यागी को श्रद्धांजलि स्वरूप वृक्षारोपण अभियान आयोजित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** महिला पंजाबी संगठन और लायंस क्लब मोदीनगर उड़ान इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में विवेक इंटर कॉलेज, सारा रोड गोविंदपुरी में दिवंगत डॉ. सतीश त्यागी को श्रद्धांजलि स्वरूप एक वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दो मिनट के मौन से की गई। इस अवसर पर महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैय्यर ने भावपूर्ण शब्दों में कहा कि हमने एक अनमोल रत्न और एक महान चिकित्सक को खो दिया है। वृक्षारोपण कार्यक्रम में विवेक एजुकेशनल सोसाइटी के निदेशक विशाल सिंघल, मैनेजर मधु सिंघल, प्रिंसिपल डॉ. प्रीति शर्मा एवं पूरा विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। वहीं संगठन की ओर से हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, कोमल शर्मा, रोजी आनन्द और विशाखा मित्रा ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। यह श्रद्धांजलि कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जो समाज को हरित भविष्य की ओर प्रेरित करता है।

# अंबेडकर बस्ती के लोगों ने स्मार्ट मीटर लगाने का किया विरोध

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** सिखेड़ा रोड स्थित अंबेडकर बस्ती में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का लोगों ने विरोध किया। महिलाओं ने बिजली विभाग पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए मीटर लगाने वालों को वापस भेज दिया। भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर ने बताया कि सिकैडा रोड स्थित अम्बेडकर बस्ती पर बिजली विभाग के जेई व स्मार्ट मीटर लगाने वाला स्टाफ पुलिस बल के साथ पहुंचा । स्थानीय निवासियों ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया तो पुलिस ने स्थानीय निवासियों को धमकाना शुरू कर दिया। मौके पर सभासद परवीन गुर्जर व स्वंय अपने साथियों के साथ पहुंचे। स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बिजली विभाग के जेई वह पुलिस के साथ काफी कहासुनी हुई और जो मीटर लगा दिए गए थे, उनको उतरवा दिया गया। डॉ॰ बबली गुर्जर ने बताया कि कोर्ट का आदेश है जो मीटर नहीं लगवाना चाहता उसके जबरदस्ती। मीटर नहीं लगाया जाएगा बिजली विभाग की तानाशाही चरम सीमा पर है। पुलिस को लेकर गरीब बस्तियों में पहुंचकर जबरदस्ती मीटर लगाने का काम बिजली विभाग कर रहा है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा बबली गुजर ने कहा कि अगर बिजली विभाग की तानाशाही नहीं रुकती है तो इसको लेकर जल्द ही एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जय प्रकाश शर्मा पिन्टू जाटव आजाद खान रामपाल ठेकेदार कपिल जाटव सोहनपाल दिलशाद खान कपिल जाटव आदि लोग उपस्थित रहे।



# आरकेजीआईटी को दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का होस्ट नोडल सेंटर चुना गया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** इनोवेशन सेल, एआईसीटीई द्वारा आरकेजीआईटी को दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का होस्ट नोडल सेंटर चुना गया।

राज कुमार गोएल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गाज़ियाबाद को इनोवेशन सेल, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आगामी दो-दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला के लिए होस्ट नोडल सेंटर के रूप में नामित किया गया है। यह कार्यशाला 2021 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी, विशेषज्ञ एवं शिक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# पुलिस ने पांच शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 05 शातिर चोरो को अडोली नहर के पास से चोरी किये गये आभूषण, अवैध असलहा कारतूस व अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम बलजीत उर्फ बोबी पुत्र मदन बागरिया निवासी ग्राम लोहागल थाना क्रिश्नगंज जनपद अजमेर राजस्थान। चेतन उर्फ शैतान पुत्र नन्दराम बागरिया निवासी ईदगाह कालोनी राम मन्दिर के पीछे कस्बा व थाना गुलाबपुरा जनपद भीलवाडा राजस्थान महेन्द्र पुत्र रामपाल बागरिया निवासी ग्राम पांडलिया थाना बीनाई जनपद अजमेर राजस्थान सीताराम उर्फ बोडा पुत्र रामपाल बागरिया निवासी उपरोक्त सोनू पुत्र मांगेलाल निवासी ग्राम खडाज थाना किशनगढ जिला अजमेर राजस्थान गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं जिनके द्वारा माहारष्ट्र, उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में के बडे बडे शहरो की पोश कॉलोनी में रैकी कर बन्द मकानों में चोरी की घटना कारित की जाती हैं। अभियुक्तगण अपने मोबाईल को घर पर छोड देते हैं तथा राजस्थान से ट्रेन द्वारा जनरल डिब्बो मे बगैर टिकट के यात्रा करते हैं ट्रेन में आउटर की तरफ से साईड से चढते है और उतरने के बाद भी मेन स्टेशन से न निकलकर साईड से जाते है जिससे इनकी पहचान न हो सके। ये रोड के किनारे कही भी सो जाते है, कैमरो से हमेशा दूरी बनाये रखते है जिससे इनकी पहचान न हो सके । ओर असानी से पकडे न जा सके तथा सामान को बेच कर जो पैसे मिलते उन्हें आपस में बांट लेते हैं। अभियुक्तगण द्वारा जनपद बुलन्दशहर में आकर दिनांक 30-10-2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत शापिंग माल के पीछे कालोनी में रैकी कर एक बन्द मकान का ताला तोडकर मकान से जेवर व रुपये चोरी करने की घटना कारित की गयी थी।

# गाजियाबाद आईएमए ने विश्व सीओपीडी दिवस पर फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की अपील

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद ।** गाज़ियाबाद आईएमए डॉक्टरों टीम की तरफ से आज दिनांक 18 नवंबर 2025 को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विश्व सी ओ पी डी के लिए भरसक प्रयास कर किया गए जागरूक , मीडिया के माध्यम से लोगों से अपील कर खा अपने हृदय और लंग्स के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए ना करे धूम्रपान और पॉल्यूशन से बचने के लिए सही उपयोगी चीजे अमल में लाए। खराब पॉल्यूशन और धूम्रपान की वजह से पूरे विश्व में कई मिलियन लोग ग्रस्त है जिसके कारण मृत्यु दर अत्यधिक बढ़ने लगी है लंग्स कैंसर का भी खतर मंडराने लगा है। इससे बचने के लिए डॉक्टर आशीष ने बताया कि भारत में कापड जिस तरह से तेजी से बढ़ रहा है इसकी समय पर पहचान कर उचित उपचार से इसे काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है इसके लक्षण खांसी बलगम सांस फूलना छाती में जकड़न जैसे लक्षण होने पर तुरंत फेफड़ों की विशेष संपर्क करना चाहिए। वरिष्ठ श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष अग्रवाल ने क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से 60 मिलियन लोग भारत में प्रभावित हैं इसका प्रीवैलेंस रेट लगभग 5% से ऊपर है यह उत्तर भारतीयों में जम्मू कश्मीर हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड हरियाणा उत्तर प्रदेश में अधिक पाया जाता है उन्होंने कहा, श्वास में तकलीफ को सामान्य न समझें। लगातार खांसी, बलगम, सांस फूलना, छाती में जकड़न जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत फेफड़ों के विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। समय पर इलाज से मरीज एक बेहतर और सक्रिय जीवन जी सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि स्पाइरोमेट्री जांच के माध्यम से उडढऊ का सटीक निदान संभव है, और इनहेलर थेरेपी सबसे प्रभावी उपचार पद्धतियों में से एक है। डॉ. आशीष ने धूम्रपान छोड़ने, प्रदूषण से बचाव, नियमित व्यायाम, और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह भी दी। अंत में, डॉ. विश्व बन्धु जिन्दल ने कहा कि सही जानकारी, रोकथाम और समय पर उपचार से उडढऊ के जोखिम को काफी कम किया जा सकता है और मरीज एक स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।

# जर्जर दीवार ढहने से दो महिलाओं की मौत, दो गंभीर घायल, पुलिस-स्थानीय लोगों ने चलाया रेस्क्यू अभियान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक भीषण हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया। पास की फैक्ट्री में मजदूरी करने वाली चार महिलाएं दोपहर का भोजन करने के लिए एक खाली प्लॉट में बैठी थीं। उन्हें यह अंदाजा भी नहीं था कि कुछ ही पलों में उनके साथ भयावह घटना घटने वाली है। प्लॉट में मौजूद पुरानी और जर्जर दीवार अचानक भरभराकर ढह गई और देखते ही देखते चारों महिलाएं भारी मलबे के नीचे दब गईं। जोरदार धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचित किया। राहत-सहायता कार्य में तेजी लाने के लिए जेसीबी मशीन बुलाई गई। स्थानीय लोगों की मदद से मलबा हटाने की कोशिशें तेज की गईं। लेकिन तब तक चार महिलाओं में से दो की जान जा चुकी थी। पुलिस के अनुसार मृत महिलाओं की पहचान जमीला (40) और इशरत (42) के रूप में हुई है। हादसे के समय उनके साथ मौजूद सलमा (45) और शन्नो (40) गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृत महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साहिबाबाद थाना इंचार्ज ने बताया कि चारों महिलाएं पास की फैक्ट्री में मजदूरी का कार्य करती थीं। रोज की तरह वे दोपहर में खाना खाने के लिए पास के खाली प्लॉट में पहुंची थीं, जहां वर्षों पुरानी और जर्जर दीवार खड़ी थी। चेतावनी के बिना अचानक गिरी इस दीवार ने दो परिवारों से उनकी बेटियों, बहनों और माताओं को छीन लिया। स्थानीय पार्षद आदिल मालिक ने बताया कि प्लॉट में मौजूद दीवार लंबे समय से जर्जर हालत में थी, लेकिन उसकी मरम्मत की ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया।

# जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु बैठक हुई

वेलकम इंडिया

- जिलाधिकारी महोदय ने भूतपूर्व सैनिकों के समस्याओं को ध्यान से सुनते हुए एडीएम सिटी को शिकायतों की जांच कराने हेतु किया निर्देशित
- भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की शिकायतों का शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं : जिलाधिकारी



**गाजियाबाद।** भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक बन्धु बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में आहूत हुई।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों के आवेदन पत्रों को सुना गया, जिसमें श्री बी०सी० बंसल, अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद गाजियाबाद के प्रकरण जिसके अर्न्तगत कार्यालय में रखी चुनाव सामग्री को कार्यालय से हटाने, सहित उपरोक्त सैनिक कार्यालय में व्यवस्थाओं से सम्बंधित सुधारों इत्यादि हेतु, के बारे में मौके पर अपर जिलाधिकारी (नगर) को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया व श्रीमती रेनू पत्नी स्व० सुबेदार मेजर ब्रजमोहन उजलायन के खेत की माप कराने हेतु निर्देशित किया। एक्स सर्विसमैन सुदेशपाल के पंजाब नेशनल बैंक के प्रकरण पर जाँच कराने हेतु आदेशित किया गया। पूर्व सैनिक सारजेन्ट प्रवीन कुमार के भूमाफिया द्वारा खडी आलू की फसल को नष्ट कर सीमेंट के स्लैब लगाकर अवैध कब्जा करने के सम्बन्ध में, प्रकरण पर जाँच कराने हेतु अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद को निर्देशित किया गया। श्रीमती इन्दु बोकन कसाना पत्नी शहीद ब्रिगेडियर अमरेन्द्र सिंह कसाना के प्रकरण में लम्बित प्रकरण की जाँच आख्या मंगाने हेतु निर्देशित किया गया। शहीद विशाल चौहान पुत्र श्री जीतपाल निवासी-अतरौली जिला-गाजियाबाद के प्रकरण में उपजिलाधिकारी, मोदीनगर से जॉच आख्या मंगाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों का शीघ्र ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जायेगा। ₹जिला सैनिक बन्धु बैठक में अपर जिलाधिकारी (नगर), गाजियाबाद, सहायक पुलिस आयुक्त जिला सूचना अधिकारी व उपाध्यक्ष, मेजर जनरल ए० जे० बी० जैनी, जिला सैनिक बन्धु बैठक के सदस्य व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के श्री पवन कुमार, वरिष्ठ सहायक श्री विनोद कुमार, कनिष्ठ सहायक, श्रीमती कविता देवी, कनिष्ठ सहायक, श्रीमती रितू सिंह, कनिष्ठ सहायक व श्री निपुण पायला, कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहें।

बैठक के अन्त में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आई०एन०) राम प्रवेश सिंह द्वारा जिला सैनिक बन्धु बैठक में उपस्थित प्रशानिक अधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी तथा व बैठक में आये लगभग 40 पूर्व सैनिकों/आश्रितों का आभार व्यक्त किया तथा आग्रह किया गया कि बैठक में अधिक से अधिक पूर्व सैनिक उपस्थित हो और अपनी समस्या सम्बन्धी आवेदन-पत्र बैठक से दो दिन पूर्व जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जनपद-गाजियाबाद में प्रस्तुत करें, जिससे उनकी समस्या का निदान समय से किया जा सके।

# जल संचय में गाजियाबाद देश में पाँचवें और यूपी में दूसरे स्थान पर पहुँचा




वेलकम इंडिया

> विज्ञान भवन में भव्य कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद नगर निगम को मिला 2 करोड़ का पुरस्कार

**नई दिल्ली/गाजियाबाद।** जल संचय और जन भागीदारी को मजबूत बनाने के प्रयासों में गाजियाबाद नगर निगम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गाजियाबाद ने भारत में पाँचवां तथा उत्तर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश और देश में एक नई पहचान स्थापित की है। इस उपलब्धि पर मंगलवार को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। बड़ी संख्या में देशभर से आए प्रतिनिधियों ने गाजियाबाद नगर निगम के जल संचयन और जल भागीदारी के उत्कृष्ट मॉडल की सराहना की। राष्ट्रपति महोदया ने भी नगर निगम के प्रयासों को प्रेरणादायक बताते हुए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया।

गाजियाबाद नगर निगम को जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 2 करोड़ रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया, जिसे भविष्य में जल संचयन के और मजबूत कार्यों में उपयोग किया जाएगा। शहरवासियों ने इस उपलब्धि पर महापौर और नगर आयुक्त को बधाई देते हुए इसे गाजियाबाद का गौरव क्षण बताया।

# सिद्धार्थ विहार में महापौर ने किया निगम की 3500 वर्ग मीटर भूमि को कब्जा मुक्त

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सिद्धार्थ विहार में नगर निगम का पीला पंजा जोरदार एक्शन में नजर आया। नगर निगम की टीम ने इलाके में अवैध कब्जा की गई जमीन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को अवैध निमार्णों को ध्वस्त किया। मौके पर स्थिति का जायजा लेने महापौर सुनीता दयाल स्वयं पहुंचीं और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि निगम की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन और नगर निगम अधिकारियों के साथ हुए अभियान में महापौर ने लेखपाल निशात त्यागी और अन्य अधिकारियों को चेतावनी दी कि इस प्रकार की अनियमितताओं में शामिल लोग निगम की जमीन को नुकसान पहुंचाते हैं और इसके लिए कार्रवाई अनिवार्य है। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी प्रकार की बाधा न आए। बताया जा रहा है कि खसरा संख्या 385/3, कैला गांव में लगभग 3500 से 4000 वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण कर रखा गया था। नगर निगम की टीम ने भूमि पर सड़कों का निर्माण और प्लाटिंग के कार्य के लिए भूमि को पूरी तरह से खाली करवा दिया। महापौर ने मौके पर खड़े होकर देखा कि भूमि पूरी तरह कब्जा मुक्त हो गई। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि निगम की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा और निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एनएच-9 पर भीषण हादसा: खड़े ट्रक में ऑटो की टक्कर, छह घायल; तीन की हालत गंभीर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** मसूरी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें सवारियों से भरा एक ऑटो हाईवे पर खड़े ट्रक में जा घुसा। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार छह लोगों को गंभीर चोटें आईं। फ्रेंड्स कॉलोनी के पास एनएच-9 सर्विस रोड पर सुबह लगभग 5:30 बजे हुए इस हादसे ने आसपास अफरा-तफरी मचा दी।

पुलिस के मुताबिक ऑटो गाजियाबाद से हापुड़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर खड़ा एक ट्रक चालक बिना किसी चेतावनी संकेत के ट्रक खड़ा कर चला गया। सुबह की धुंध और कम रोशनी के कारण ऑटो चालक इंतजार ट्रक को नहीं देख पाया और तेज रफ्तार में जा टकराया। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना देने के साथ ही घायलों को बाहर निकालने में मदद की। सूचना पाकर मसूरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को संजय नगर संयुक्त जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों ने बताया कि हादसे में कुल छह लोग घायल हुए हैं– ऑटो चालक इंतजार, हरिराम (38), पवन शर्मा, साहिल, असरफ अली और बैजनाथ। इनमें इंतजार, हरिराम और पवन शर्मा की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका उपचार जारी है। जबकि साहिल, असरफ और बैजनाथ को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

# आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस- द एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित आईटीएस कॉलेज ऑफ फामेर्सी, मुरादनगर में मंगलवार को फामेर्सी प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इस विशेष अवसर पर चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, डाइरेक्टर-पी.आर. सुरेन्द्र सूद सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में चेयरमैन डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने नवागंतुक छात्रों का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि फामेर्सी का क्षेत्र आज तेजी से विकसित हो रहा है और इसमें युवा छात्रों के लिए अपार संभावनाएँ हैं। छात्रों को न सिर्फ शिक्षा बल्कि समाज सेवा की भावना भी अपने साथ लेकर आगे बढा चाहिए।

# लोनी में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च, राष्ट्रीय एकता का उत्सव बन गया

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** लोनी विधानसभा में मंगलवार को राष्ट्र निमार्ता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भव्य यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का शुभारंभ श्रीराम पैलेस से हुआ और यह लोनी तिराहा तक चला। मार्च में हजारों स्थानीय नागरिक, स्वंयसेवी संगठन, एनजीओ, भाजपा कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे, युवाओं, महिलाएं और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। सभी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सरदार पटेल के आदर्शों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। पदयात्रा के बाद रामलीला मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री श्री अरुण सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष चौ. चैनपाल सिंह ने की। कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र वाल्मीकि, यात्रा संयोजक विजय भाटी, उपाध्यक्ष कौमुदी चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो महान कार्य किया, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आज का यूनिटी मार्च राष्ट्रीय एकता और सामूहिक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी अपनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाई। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी की धरती हमेशा राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश देती रही है। सरदार पटेल के नेतृत्व और विचारों ने भारत को नई दिशा दी और आज का यह मार्च उसी विरासत को आगे बढ़ाता है।

# महिला से धोखे से दुष्कर्म का आरोप, पहचान छिपाकर शादी का झांसा

**गाजियाबाद।** थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने एक युवक पर लंबे समय तक धोखे में रखकर दुष्कर्म करने, धमकाने और गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि उसके पति के जेल जाने के बाद आरोपी युवक ने उसकी मजबूरी का फायदा उठाया और झूठी पहचान बताकर उसके जीवन में घुस आया। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक मुस्लिम है, लेकिन उसने खुद को हिंदू बताकर उससे दोस्ती की और धीरे-धीरे भरोसा जीता। महिला ने बताया कि आरोपी ने एक किराये का फ्लैट दिलवाया और मकान मालिक को उसे अपनी पत्नी बताकर साथ रहने लगा। पीड़िता ने भरोसा किया कि युवक जल्द ही उससे शादी करेगा, लेकिन उसका मकसद कुछ और ही था। महिला का कहना है कि जुलाई 2025 में आरोपी पहली बार फ्लैट पर आया और शादी का झांसा देकर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

# दवा लेने आई युवती से दुष्कर्म

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पेट दर्द की दवा लेने आई युवती को नशीली गोली देकर मेडिकल स्टोर संचालक ने सोमवार को दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है।

घटना मोदीनगर कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी की है। आरोपी नशे की हालत में युवती को अपने दूसरे मकान पर लेकर गया और वारदात को अंजाम दिया। विरोध पर युवती को बुरी तरह पीटा। इतना ही नहीं, महिला को रुपये देकर शांत करने की भी कोशिश की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी मेडिकल स्टोर संचालक फरार है। मेरठ के बागपत बाईपास स्थित एक कॉलोनी की 23 वर्षीय युवती सोमवार को मोदीनगर आई थी। उन्हें यहां किराये पर मकान चाहिए थे। इस बीच बस स्टैंड के निकट उनके पेट में दर्द होने लगा। महिला तिबड़ा रोड पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर पहुंचीं और पेट दर्द की दवा मांगी। इस बीच मेडिकल स्टोर संचालक व युवती के बीच बातें हुईं तो युवती ने कहा कि वे किराये पर मकान देखने के लिए मोदीनगर आई है। तभी मेडिकल स्टोर संचालक ने कहा कि उनका भी एक मकान खाली है। उसे किराये पर दे देंगे।

आरोप है कि आरोपी ने पेट दर्द की बजाय नशीली गोली युवती को दी। इसके बाद मकान दिखाने के बहाने उन्हें अपने दूसरे मकान पर ले गया। वहां बेहोशी की हालत में युवती के साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर युवती ने विरोध किया तो आरोपित ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं, युवती को रकम देकर शांत करने की भी कोशिश की।

# एमएमजी अस्पताल का जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने किया औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनता को बेहतर, सुगम और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने अपनी सक्रिय और सख्त कार्यशैली का परिचय देते हुए मंगलवार को जीटी रोड स्थित एमएमजी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक अस्पताल पहुंचते ही प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल मच गई और निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक-एक व्यवस्था का गहराई से परीक्षण किया। डीएम मॉंदड़ ने सबसे पहले अस्पताल परिसर और वार्डों की सफाई व्यवस्था की जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अस्पताल में किसी भी हिस्से में गंदगी नहीं रहनी चाहिए। मरीजों और तीमारदारों के लिए साफ पेयजल की उपलब्धता, शौचालयों की स्वच्छता और साफ-सफाई की नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया और मौजूद चिकित्सकों एवं स्टाफ को दोटूक शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आदेश दिया कि प्रत्येक मरीज की समय से जांच हो, दवाइयों की उपलब्धता में कोई कमी न आए और शिकायतों का निस्तारण तत्परता से किया जाए। उन्होंने सीएमएस डॉ. राकेश सिंह को निर्देशित किया कि कर्मचारियों की ड्यूटी समयबद्ध हो, मरीजों के साथ व्यवहार सौम्य और संवेदनशील रहे, आवश्यक मशीनों और जांच केंद्रों की कार्यप्रणाली सुचारू रखी जाए। डीएम मॉंदड़ विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करते नजर आए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल प्राथमिकता के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जाए और किसी भी प्रकार की देरी को गंभीर लापरवाही माना जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, वार्ड, प्रयोगशालाओं और जांच मशीनों की कार्यप्रणाली में जरूरी सुधार तुरंत प्रभाव से लागू किए जाएँ।

